Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 125 | रविवार, 10 मई-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# तृणमूल कांग्रेस के 15 वर्ष के शासन का अंत

# शुभेन्दु अधिकारी ने ली मुख्यमंत्री पद की शपथ

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**पश्चिम बंगाल।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जुझारू नेता शुभेन्दु अधिकारी ने शनिवार को यहां पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। राज्य में पहली बार भाजपा की सरकार के गठन के साथ राजनीति का एक नया अध्याय शुरू हुआ है और तृणमूल कांग्रेस के 15 वर्ष के शासन का अंत हो गया है। छप्पन वर्षीय अधिकारी को राज्यपाल आर एन रवि ने ऐतिहासिक ब्रिगेड परेड मैदान में आयोजित भव्य समारोह में विशाल जन समूह के समक्ष पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। उनके साथ दिलीप घोष, सुअग्निमित्रा पॉल, अशोक कीर्तनिया, खुदीराम टुडू और निसिथ प्रमाणिक को भी मंत्री पद की शपथ दिलायी गयी। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह समेत कई केंद्रीय मंत्री, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन और भाजपा तथा उसके नेतृत्ववाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के शासन वाले विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। निवर्तमान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को लगातार दो चुनावों में शिकस्त देने वाले अधिकारी को शुक्रवार को भाजपा विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से नेता चुना गया था। उन्नीस सौ पचास के दशक में







गठित जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की राजनीतिक विरासत और विचारधारा की वाहक भाजपा पश्चिम बंगाल में 2016 से पहले राजनीतिक हाशिए पर थी। वर्ष 2016 के विधान सभा चुनाव में उसने पहली बार तीन सीटों के साथ अपना खाता खोला था और 2021 के चुनाव में पार्टी ने 77 सीटें जीत कर मुख्य विपक्षी दल का दर्जा प्राप्त किया। राज्य में भाजपा के उदय के साथ वर्षों से सत्ता में रहे कांग्रेस और वामपंथी दल हाशिए पर चले गये। शपथ ग्रहण समारोह के मंच पर कविवर रवींद्र नाथ टैगोर का चित्र लगा हुआ था जिनकी आज जयंती मनायी जा रही है। प्रधानमंत्री ने मंच पर पहुंचते ही उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। उनके बाद अधिकारी ने भी साहित्य के नोबेल से सम्मानित गुरुदेव को श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री ने मंच से राज्य की जनता को दंडवंत प्रणाम किया। उन्होंने मंच पर ही पश्चिम बंगाल में भाजपा के सबसे पुराने कार्यकताओं में से एक माखनलाल सरकार का शॉल ओढ़ा कर अभिनंदन किया और उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया। अधिकारी ने कल भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद पश्चिम बंगाल के पुर्निर्माण का संकल्प लेते हुए कहा था कि भाजपा सरकार राज्य की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करेगी। उल्लेखनीय है कि बंगाल एक समय देश का अग्रणी औद्योगिक राज्य था लेकिन राजनीतिक माहौल के चलते धीरे धीरे पिछड़ता गया । इस बार विधान सभा चुनाव में यह भी एक प्रमुख मुद्दा था। इसके अलावा राज्य में घुसपैठिए, हिंसा, भ्रष्टाचार , बेरोजगारी, महिला सुरक्षा को भी भाजपा नेताओं ने ममता सरकार के विरुद्ध प्रमुख मुद्दा बनाया था। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चले विवाद के बीच हुए इस चुनाव में मतदाताओं की ऐतिहासिक भागीदारी रही और 92.93 प्रतिशत मतदान हुआ। यह आजादी के बाद एक रिकार्ड है।

## गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर को श्रद्धांजलि अर्पित

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री पद के लिए नामित सुवेंदु अधिकारी ने राज्य में नई भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह से पहले गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



## शपथ लेते ही Suvendu Adhikari का बड़ा ऐलान

पत्रकारों को संबोधित करते हुए अधिकारी ने कहा कि यह दिन देश और पश्चिम बंगाल दोनों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री की इच्छा थी कि रवींद्र जयंती पर नई सरकार का गठन हो। यही कारण है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में रवींद्रनाथ गुरु को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। अधिकारी ने आगे कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों से प्रेरित इस पार्टी को किसी प्रमाणन की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं अब मुख्यमंत्री हूं, और मैं सबका हूं। जो लोग अभी भी नतीजों पर चर्चा कर रहे हैं, उन्हें विवेक से काम लेना चाहिएङ्ग बंगाल को बहुत नुकसान हुआ है। शिक्षा का ह्रास हुआ है, संस्कृति नष्ट हुई है, और हम बंगाल का पुनर्निर्माण करेंगे। हमारे कंधों पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है; उन्हें बोलने दीजिए, मैं तो बस आगे बढ़ता रहूंगा।

## पीएम ने भाजपा के सबसे वरिष्ठ कार्यकर्ता से आशीर्वाद लिया



शपथ ग्रहण समारोह से पहले, प्रधानमंत्री ने मंच पर पश्चिम बंगाल में भाजपा के सबसे वरिष्ठ कार्यकर्ताओं में से एक माखनलाल सरकार से आशीर्वाद लिया। 98 वर्ष की आयु में भी माखनलाल सरकार स्वतंत्रतोत्तर भारत में राष्ट्रवादी आंदोलन से जुड़े शुरूआती जमीनी नेताओं में से एक हैं। ' 1952 में, कश्मीर में भारतीय तिरंगा फहराने के आंदोलन के दौरान श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ रहते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। 1980 में भाजपा के गठन के बाद, वे पश्चिम दिनाजपुर, जलपाईगुड़ी और दार्जिलिंग जिलों के संगठनात्मक समन्वयक बने। महज एक वर्ष के भीतर, उन्होंने लगभग 10,000 सदस्यों को पंजीकृत कराने में मदद की।'

## RG Kar पीड़िता को न्याय दिलाओ

शुभेंदु अधिकारी की मां गायत्री अधिकारी ने शनिवार को कहा कि पश्चिम बंगाल के लोग भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता के राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर उनसे ज्यादा खुश हैं, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि उनके बेटे को अब यह सुनिश्चित करने के लिए काम करना चाहिए कि आरजी कर बलात्कार–हत्या मामले की पीड़िता को सच्चा न्याय मिले। इसके अलावा, शुभेंदु को यह सुनिश्चित करने पर भी काम करना चाहिए कि हर पीड़ित को न्याय मिले और लोगों को रोजगार मिले। गायत्री ने कहा कि मैं उनसे कहूंगी कि वे अब आरजी कर बलात्कार–हत्या पीड़िता और उन सभी पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए काम करें, जिन्होंने अत्याचार झेले हैं। गायत्री ने अपने बेटे के सफर पर भी प्रकाश डाला और कहा कि सुवेंदु ने पिछले पांच वर्षों में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के खिलाफ अथक संघर्ष किया है, जबकि उन्हें कम से कम तीन से चार बार जानलेवा हमलों का सामना करना पड़ा।

## पाकिस्तान-चीन मामलों के विशेषज्ञ हैं एनएस राजा सुब्रमणि, जनरल अनिल चौहान की लेंगे जगह

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि (सेवानिवृत्त) को देश का नया चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) नियुक्त किया है। वह 30 मई को कार्यकाल पूरा कर रहे जनरल अनिल चौहान की जगह लेंगे। रक्षा मामलों, खासकर पाकिस्तान और चीन से जुड़े रणनीतिक मुद्दों पर उनकी गहरी पकड़ मानी जाती है। लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमणि का जन्म एक सैन्य पृष्ठभूमि वाले परिवार में हुआ। उन्होंने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (NDA) और भारतीय सैन्य अकादमी (IMA) से प्रशिक्षण हासिल किया। 14 दिसंबर 1985 को उन्हें गढ़वाल राइफल्स की 8वीं बटालियन में कमीशन मिला। करीब चार दशक के सैन्य करियर में



उन्होंने देश के कई संवेदनशील इलाकों में अहम जिम्मेदारियां संभालीं। असम में ऑपरेशन राइनो के तहत आतंकवाद विरोधी अभियानों का नेतृत्व किया। जम्मू-कश्मीर में 168 इन्फैंट्री ब्रिगेड और मध्य सेक्टर में 17 माउंटेन डिवीजन की कमान भी संभाली। उन्होंने पश्चिमी मोर्चे पर भारतीय सेना के प्रमुख स्ट्राइक कोर समेत दो कोर की कमान संभाली और चीन सीमा से जुड़े क्षेत्रों में भी काम किया। इसी वजह से उन्हें पश्चिमी और उत्तरी सीमाओं का गहरा जानकार माना जाता है। लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमणि 1 जुलाई 2024 से 31 जुलाई 2025 तक उप सेना प्रमुख (Vice Chief of Army Staff) रहे। इससे पहले वह सेंट्रल कमांड के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ भी रह चुके हैं। फिलहाल वह राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय (NSCS) में सैन्य सलाहकार के तौर पर कार्यरत हैं। उन्होंने कजाखस्तान में डिफेंस अटैची, सैन्य खुफिया विभाग में डिप्टी डायरेक्टर जनरल और डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन में चीफ इंस्ट्रक्टर जैसी अहम जिम्मेदारियां भी निभाईं।

## साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र में दर्दनाक हादसा: कंप्रेसर फटने से दो मजदूरों की मौत, एक गंभीर




**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद जिले के साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र में एक फैक्टरी में नियमित परीक्षण के दौरान कंप्रेसर फटने से दो मजदूरों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) साहिबाबाद अमित सक्सेना ने बताया कि सात मई शाम करीब छह बजे लिंक रोड थाना क्षेत्र स्थित एक फैक्टरी में विस्फोट होने की सूचना मिली, जिसमें कुछ कर्मचारी घायल हो गए। घायलों की पहचान इमरान (34), त्रिभुवन (38) और बांके (25) के रूप में हुई। उन्होंने कहा, '.'.त्रिभुवन को मैक्स अस्पताल और इमरान व बांके को सफदरजंग अस्पताल भेजा गया। इलाज के दौरान इमरानकी सफदरजंग अस्पताल और त्रिभुवन की मैक्स अस्पताल में मौत हो गई। बांके का उपचार जारी है।'' पुलिस ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए ले जाए गए हैं और अभी तक इस संबंध में कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है।

## तमिलनाडु की सियासत में 'एआई' का खेल? टीटीवी दिनाकरण ने विजय के समर्थन पत्र को बताया फर्जी

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**तमिलनाडु।** तमिलनाडु में पहली गठबंधन सरकार बनाने के विजय के गठबंधन का समर्थन करने से इनकार करने वाली पार्टी के टीटीवी दिनाकरन ने दावा किया है कि टीवीके द्वारा प्रदर्शित समर्थन पत्र जाली है। एएमएमके के महासचिव ने विजय के नेतृत्व वाली तमिलगा वेट्री कजगम (टीवीके) को अहंकारी और घृणास्पद भी कहा है। बहुमत के लिए संघर्ष कर रही टीवीके ने पहले एक कार्यकारी गठबंधन बनाने के लिए अम्मा मक्कल मुन्नेत्र कजगम (एएमएमके) से उसके एकमात्र निर्वाचित विधायक कामराज एस का समर्थन मांगा था। बाद में पार्टी ने दावा किया कि कामराज ने उनका समर्थन




करने पर सहमति जताई थी और समर्थन पत्र भी दिया था। एक वीडियो भी प्रसारित किया गया, जिसमें टीवीके ने दावा किया कि कामराज को एक दस्तावेज पर हस्ताक्षर करते हुए देखा गया था। दिनाकरन ने वीडियो को फर्जी और एआई-जनरेटेड बताकर खारिज कर दिया। उन्होंने आज सुबह एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सवाल किया कि यह वीडियो किसने रिकॉर्ड किया? विजय, बुस्सी आनंद, के.ए. सेंगोत्तैयान, वेंकटरामन पी या सी.टी.आर. निर्मल कुमार? यह कहां रिकॉर्ड किया गया था? वरिष्ठ राजनेता ने कहा कि समाचार रिपोर्टों से यह जानकर उन्हें गहरा सदमा लगा कि एएमएमके विधायक ने विजय को अपना समर्थन दिया है। उन्होंने यह भी पूछा कि अगर टीवीके को यह समर्थन प्राप्त था तो उन्होंने कामराज को राज्यपाल के पास क्यों नहीं ले गए। उन्होंने आगे कहा कि टीवीके भ्रम पैदा करने की कोशिश कर रही है। उन्हें विधायक का मूल पत्र दिखाना चाहिए। यह मूल पत्र नहीं था। एक दिन पहले एनडीटीवी से बात करते हुए उन्होंने संकेत दिया था कि यह बहुमत हासिल करने के प्रयास में विधायकों की खरीद-फरोख्त का प्रयास भी हो सकता है।

## खत्म हुई विजय की टेंशन: वीसीके ने दिया बिना शर्त समर्थन, तमिलनाडु में सरकार बनाने का रास्ता साफ

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**तमिलनाडु।** तमिलनाडु में सत्ता को लेकर जारी सस्पेंस खत्म हो गया है और टीवीके प्रमुख विजय के सरकार बनाने का रास्ता साफ हो गया है। विजय की पार्टी तमिलगा वेट्री कजगम (TVK) को विदुतलाई चिरुथाइगल काची (VCK) ने बिना शर्त समर्थन दे दिया है। एनडीटीवी ने सूत्रों के हवाले से दावा किया कि श्उङ के दो विधायकों के समर्थन के साथ TVK के पास 118 विधायकों का समर्थन मिल गया है, जो बहुमत के लिए आवश्यक सटीक संख्या है। अब विजय सभी 118 विधायकों के समर्थन पत्र राज्यपाल को सौंपेंगे और सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। इसके बाद राज्यपाल उन्हें सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करेंगे।

दरअसल, विजय के नेतृत्व वाले गठबंधन को पहले 116 निर्वाचित विधायकों का समर्थन प्राप्त था, जिनमें कांग्रेस के पांच और वामपंथी दलों के चार विधायक शामिल थे।



लेकिन उन्हें सरकार बनाने के लिए 118 विधायकों के समर्थन के आवश्यकता थी। वीसीके की दो सीटें जुड़ने से पार्टी की संख्या बढ़कर 118 हो गई है, जिससे विजय के मुख्यमंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया है। वीसीके के विधानमंडल दल के नेता वन्नी अरसु द्वारा राज्यपाल आर.वी. अर्लेकर को लिखे पत्र में कहा गया, '.तमिलनाडु राज्य में सरकार बनाने के उद्देश्य से टीवीके के अध्यक्ष और विधानमंडल दल के नेता विजय के नेतृत्व में टीवीके को अपना समर्थन देते हैं। यह समर्थन तमिलनाडु के लोगों के लिए स्थिर और लोकतांत्रिक शासन सुनिश्चित करने के हित में दिया जा रहा है।

## नगर निगम के दावों पर सवाल: वार्ड-07 शेल्टर होम की बदहाली उजागर सुविधाओं के नाम पर हकीकत में अव्यवस्था का अंबार




**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** वार्ड नंबर 07, विधानसभा 56 क्षेत्र स्थित शेल्टर होम की जमीनी स्थिति ने नगर निगम के दावों की पोल खोलकर रख दी है। स्थानीय नागरिकों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि सरकार द्वारा शेल्टर होम्स के संचालन एवं रखरखाव पर प्रतिदिन भारी धनराशि खर्च किए जाने के बावजूद मौके पर हालात बेहद चिंताजनक बने हुए हैं। लाल क्वार्टरों के समीप स्थित इस शेल्टर होम में मूलभूत सुविधाओं का अभाव, साफ-सफाई की बदहाल व्यवस्था और नियमित देखरेख की कमी स्पष्ट रूप से देखने को मिल रही है। जिससे यहां रहने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि संबंधित विभाग केवल कागजी औपचारिकताओं तक सीमित दिखाई देता है, जबकि धरातल पर सुधार के कोई ठोस प्रयास नजर नहीं आ रहे हैं। इससे नगर निगम की कार्यप्रणाली और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। क्षेत्रवासियों ने उच्च अधिकारियों से मौके पर तत्काल निरीक्षण कर शेल्टर होम की स्थिति सुधारने की मांग की है, ताकि जरूरतमंदों को सुरक्षित, स्वच्छ और सम्मानजनक आश्रय उपलब्ध कराया जा सके।

निवासियों ने प्रशासन से पारदर्शिता, नियमित मॉनिटरिंग और त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई की अपील करते हुए कहा है कि यदि योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर तक नहीं पहुंचता, तो उनका उद्देश्य अधूरा रह जाता है।

## संपादक की कलम से

# स्क्रीन के युग में समाचार और समाज

मानव सभ्यता के इतिहास में संचार के साधनों ने समाज की दिशा और दशा तय करने में हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कभी संदेश कबूतरों के माध्यम से भेजे जाते थे, फिर छापाखाने का आविष्कार हुआ, उसके बाद रेडियो और टेलीविजन आए, और अब हम डिजिटल युग में प्रवेश कर चुके हैं जहाँ समाचार एक क्लिक में दुनिया के किसी भी कोने तक पहुँच जाता है। इस बदलाव ने पत्रकारिता को पूरी तरह बदल दिया है। आज पत्रकारिता केवल अखबारों, रेडियो या टीवी चैनलों तक सीमित नहीं रही, बल्कि मोबाइल फोन, सोशल मीडिया, वेबसाइट, ब्लॉग, पॉडकास्ट और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से हर व्यक्ति तक हर पल पहुँच रही है। डिजिटल युग ने पत्रकारिता को नई शक्ति, नई गति और नया विस्तार दिया है, लेकिन इसके साथ अनेक गंभीर चुनौतियाँ भी पैदा हुई हैं। आज यह सवाल महत्वपूर्ण हो गया है कि क्या पत्रकारिता अपने मूल उद्देश्य—सत्य, निष्पक्षता और जनहित—से दूर होती जा रही है? क्या डिजिटल प्लेटफॉर्म ने समाचार को सूचना से अधिक मनोरंजन और व्यापार का साधन बना दिया है? क्या फेक न्यूज, ट्रोल संस्कृति, एल्गोरिद्म और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दौर में पत्रकारिता की विश्वसनीयता बची रह पाएगी? इन प्रश्नों के उत्तर खोजने के लिए डिजिटल युग में पत्रकारिता पर पुनर्विचार करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है। पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य समाज को सही, सटीक और निष्पक्ष जानकारी देना, सत्ता से सवाल करना और जनता की आवाज को सामने लाना है। स्वतंत्रता आंदोलनों से लेकर सामाजिक सुधारों तक, पत्रकारिता ने समाज को जागरूक करने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में भी अनेक समाचार पत्रों और पत्रकारों ने अंग्रेजी शासन के खिलाफ जनमत तैयार किया। लेकिन उस दौर की पत्रकारिता और आज की डिजिटल पत्रकारिता में जमीन–आसमान का अंतर है। पहले समाचारों को प्रकाशित करने से पहले तथ्यों की जाँच, संपादन और सत्यापन की लंबी प्रक्रिया होती थी। समाचार पत्रों की विश्वसनीयता उनकी गंभीरता और संतुलन पर आधारित होती थी। पाठक अखबारों को भरोसे के साथ पढ़ते थे क्योंकि उन्हें पता था कि खबरें जांच–परख के बाद प्रकाशित होती हैं। डिजिटल क्रांति ने इस पूरी संरचना को बदल दिया। अब समाचार चौबीस घंटे लगातार प्रवाहित हो रहे हैं। 'सबसे पहले' खबर देने की होड़ में कई बार 'सबसे सही' खबर पीछे छूट जाती है। सोशल मीडिया ने हर व्यक्ति को संभावित पत्रकार बना दिया है। कोई भी व्यक्ति वीडियो बनाकर, ट्वीट लिखकर या पोस्ट डालकर लाखों लोगों तक पहुँच सकता है। यह परिवर्तन एक ओर लोकतांत्रिक है क्योंकि इससे आम लोगों को अपनी बात कहने का मंच मिला है, लेकिन दूसरी ओर इससे पत्रकारिता की विश्वसनीयता पर संकट भी गहरा हुआ है। आज सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फेक न्यूज सबसे बड़ी समस्या बन चुकी है। गलत सूचनाएँ इतनी तेजी से फैलती हैं कि कई बार सत्य उसके पीछे रह जाता है। झूठी खबरें, आधे–अधूरे तथ्य, भ्रामक तस्वीरें और संपादित वीडियो समाज में भ्रम और तनाव पैदा करते हैं। चुनावों, दंगों, महामारी और युद्ध जैसे संवेदनशील विषयों में गलत सूचना का प्रभाव बेहद खतरनाक हो सकता है। डिजिटल प्लेटफॉर्म का एल्गोरिद्म उन खबरों को अधिक बढ़ावा देता है जो लोगों की भावनाओं को भड़काएँ, विवाद पैदा करें या अधिक क्लिक लाएँ। परिणामस्वरूप सनसनीखेज पत्रकारिता को बढ़ावा मिलता है।



ललित शर्मा
संपादक

## सृष्टि का सच्चा श्रृंगार: माँ

कवयित्री पूजा शर्मा



कविता

माँ ममता का अक्षय सागर, करुणा का कोमल विस्तार।
जिसके आँचल की छाया में, सजता जीवन का आधार।
माँ का प्रेम निस्वार्थ, निर्मल, निष्काम भक्ति की परिभाषा।
स्वयं रिक्त होकर भी पूर्ण यही स्नेह की सच्ची भाषा।

स्वयं तपकर दीपक बनती, राहों में उजियारा भरती।
अश्रु छुपाकर आँखों में, अधरों पर मुस्कान बिखरती।
अनगिन पीड़ाएँ सहकर भी, मुख से न कहती अपनी व्यथा।
अपने हर सुख का त्याग कर, लिखती ममता की अमर कथा।

रात–रात भर जागकर माँ, सपनों को नित आकार देती।
वात्सल्य भरे स्पर्श से अपने, जीवन की हर राह सँवार देती।
जब जीवन–पथ कठिन लगे, वह संबल बन साथ निभाती।
घोर अंधेरों भरी रातों में, आशा का पावन दीप जलाती।

हर दु:ख अपना मानकर, निश्चल प्रेम लुटाती है।
अपने सुखों का त्याग कर, अपना सर्वस्व दे जाती है।
माँ केवल एक शब्द नहीं, सृष्टि का सबसे गहरा सार है।
त्याग, प्रेम और समर्पण की, वह सबसे सुंदर पहचान है।

तेरे चरणों में स्वर्ग बसा, तुझसे ही अस्तित्व साकार।
माँ के बिना यह जग अधूरा, तू ही सृष्टि का श्रृंगार।
हे माँ! तेरा यह असीम स्नेह, जीवन भर साथ निभाएगा।
तेरे चरणों की पावन धूल से, मेरा हर पथ जगमगाएगा।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# भारत: मेडिकल टूरिज्म नहीं, स्वास्थ्य पुनर्जागरण का भारतीय मंदिर



प्रो. आरके जैन
लेखक



स्वास्थ्य क्रांति के वैश्विक मानचित्र पर भारत अब निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। दुनिया जहां महंगे इलाज और सीमित सुविधाओं से जूझ रही है, वहीं भारत किफायती, गुणवत्तापूर्ण और समग्र चिकित्सा का मजबूत केंद्र बनकर उभर रहा है। प्राचीन आयुष परंपरा और आधुनिक चिकित्सा तकनीक का संगम इसे विशिष्ट पहचान देता है। 2025 में मेडिकल वैल्यू ट्रैवल बाजार लगभग 8.7 बिलियन डॉलर है, जो 2030 तक 16.2 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। यह वृद्धि केवल आर्थिक नहीं, बल्कि भारत के वैश्विक स्वास्थ्य नेतृत्व के उदय का स्पष्ट संकेत है। भारत अब सिर्फ इलाज का विकल्प नहीं, बल्कि एक भरोसेमंद वैश्विक चिकित्सा गंतव्य बनता जा रहा है।

स्वास्थ्य सेवाओं में किफायत और गुणवत्ता का संतुलन बनाकर भारत एक नई परिभाषा स्थापित कर रहा है। अमेरिका और यूरोप की तुलना में यहां हृदय बाईपास, कैंसर उपचार, हिप-नी रिप्लेसमेंट, अंग प्रत्यारोपण और आईवीएफ जैसी जटिल प्रक्रियाएं 60 से 90 प्रतिशत तक कम खर्च में उपलब्ध हैं। यही कारण है कि भारत अब 'सस्ता विकल्प' नहीं, बल्कि 'सर्वोत्तम मूल्य' वाला देश बन चुका है। जेसीआई और एनएबीएच मान्यता प्राप्त अस्पताल, आधुनिक तकनीक और अनुभवी डॉक्टर विदेशी मरीजों का विश्वास लगातार बढ़ा रहे हैं। 2025 में 9.15 मिलियन विदेशी पर्यटकों में से लगभग 5.07 लाख मरीज उपचार के लिए भारत आए, जो इसकी बढ़ती चिकित्सा विश्वसनीयता को दशार्ता है। यह प्रवृत्ति हर वर्ष तेज गति से आगे बढ़ रही है।

प्राचीन ज्ञान और आधुनिक विज्ञान का संगम भारत की सबसे बड़ी शक्ति बन रहा है। आयुष प्रणाली अब केवल वेलनेस तक सीमित नहीं है, बल्कि गंभीर रोगों के बाद तेजी से रिकवरी, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, क्रॉनिक बीमारियों के प्रबंधन और मानसिक तनाव में राहत देने में प्रभावी सिद्ध हो रही है। आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी आज वैश्विक आकर्षण का केंद्र हैं।

यूनियन बजट 2026-27 में पाँच क्षेत्रीय मेडिकल टूरिज्म हब बनाने की घोषणा की गई है, जहां आधुनिक चिकित्सा और आयुष सेवाएं एकीकृत रूप से उपलब्ध होंगी। साथ ही तीन नए अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान स्थापित किए जाएंगे। यह समन्वय भारत को वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर कर रहा है।

नीतिगत दूरदृष्टि और निजी क्षेत्र की सक्रिय भागीदारी ने भारत को वैश्विक हेल्थकेयर हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में मजबूत आधार दिया है। आयुष वीजा और 'हील इन इंडिया' पोर्टल ने विदेशी मरीजों के लिए उपचार प्रक्रिया को सरल और सुगम बना दिया है। गुजरात के जामनगर में स्थित डब्ल्यूएचओ ग्लोबल ट्रेडिशनल मेडिसिन सेंटर आयुष को अंतरराष्ट्रीय पहचान प्रदान कर रहा है। हैदराबाद, चेन्नई, दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, बेंगलुरु, अहमदाबाद और कोच्चि जैसे शहर मेडिकल टूरिज्म के प्रमुख केंद्र बन चुके हैं।

यहां आधुनिक अस्पतालों के साथ योग और पुनर्वास सुविधाएं भी विकसित हो रही हैं। सर्जरी के बाद मरीज आयुर्वेदिक थेरेपी से तेजी से स्वस्थ हो रहे हैं, जिससे भारत की विश्वसनीयता और अधिक सुदृढ़ हो रही है।

दुनिया भर में बदलती स्वास्थ्य आवश्यकताएं भारत के मॉडल को तेजी से लोकप्रिय बना रही हैं। विकसित देशों में बढ़ती इलाज लागत, लंबी प्रतीक्षा सूची और दवाओं के दुष्प्रभाव मरीजों को भारत की ओर आकर्षित कर रहे हैं। बांग्लादेश, अफ्रीकी देशों, मध्य पूर्व, पूर्वी यूरोप और दक्षिण-पूर्व एशिया से लाखों मरीज भारत में किफायती और गुणवत्तापूर्ण उपचार प्राप्त कर रहे हैं। यहां उन्हें केवल इलाज ही नहीं, बल्कि समग्र स्वास्थ्य सुधार का अनुभव मिलता है। भारत का यह मॉडल इलाज, रोकथाम, पुनर्वास और जीवनशैली संतुलन को जोड़कर भविष्य की स्वास्थ्य प्रणाली का मार्ग तैयार कर रहा है। यह बदलाव वैश्विक स्वास्थ्य दृष्टि को नई दिशा दे रहा है।

भारत का यह सफर आर्थिक विकास, सांस्कृतिक गौरव और मानवीय सेवा को एक साथ सशक्त कर रहा है। देश का स्वास्थ्य ढांचा अब केवल उपचार प्रणाली नहीं, बल्कि सामाजिक प्रगति का मजबूत आधार बन चुका है। प्राचीन भारतीय ज्ञान और आधुनिक विज्ञान का संगम यह संदेश देता है कि वास्तविक स्वास्थ्य केवल इलाज नहीं, बल्कि संतुलित जीवनशैली है। बायोफार्मा शक्ति कार्यक्रम, आयुष क्वालिटी मार्क और मेडिकल डिवाइस उद्योग के विस्तार से भारत आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है। यह क्षेत्र रोजगार और निर्यात का बड़ा स्त्रोत बन रहा है। यदि यह गति बनी रही, तो 2030 तक भारत वैश्विक हेल्थकेयर हब बनने के साथ समग्र और किफायती स्वास्थ्य समाधान का अग्रणी केंद्र होगा। यह प्रगति भारत को एक सशक्त वैश्विक स्वास्थ्य शक्ति के रूप में स्थापित कर रही है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की बढ़ती साख उसे वैश्विक स्वास्थ्य परिदृश्य में प्रमुख स्थान दिला रही है। किफायती, भरोसेमंद और समग्र चिकित्सा सेवाओं के कारण यह विदेशी मरीजों के लिए सबसे आकर्षक गंतव्य बन चुका है। मेडिकल टूरिज्म से अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित हो रहे हैं। अस्पताल, शोध संस्थान, योग केंद्र और वेलनेस सेक्टर तेजी से विस्तार कर रहे हैं। यह उपलब्धि केवल स्वास्थ्य क्षेत्र तक सीमित नहीं, बल्कि 'आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य का ठोस प्रमाण है, जो देश को नई वैश्विक पहचान दे रही है। यह बदलाव भारत को भविष्य की स्वास्थ्य महाशक्ति के रूप में स्थापित कर रहा है।

दुनिया की स्वास्थ्य व्यवस्था अब एक निर्णायक बदलाव के मुहाने पर भारत की ओर मुड़ती दिखाई दे रही है। यहां का मॉडल केवल उपचार की प्रणाली नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित और समग्र रूप से संवारने वाली गहरी दृष्टि है।


सस्ती, सुलभ चिकित्सा और आयुष की प्राचीन ज्ञान परंपरा इसे अलग पहचान देती है। 'हील इन इंडिया' पहल, आयुष वीजा और निजी क्षेत्र की भागीदारी इस गति को लगातार मजबूत कर रही है। 'आत्मनिर्भर भारत' की यह शक्ति वैश्विक स्वास्थ्य ढांचे में नई उम्मीद और ऊर्जा भर रही है। आने वाले समय में भारत न सिर्फ उपचार का केंद्र बनेगा, बल्कि मानवता के लिए भरोसे, स्वास्थ्य और आशा का स्थायी आधार भी सिद्ध होगा। यह यात्रा भारत को विश्व कल्याण के नए युग का वास्तविक शिल्पकार बना रही है।

# हंटा वायरस का संक्रमण लिए 29 क्रूज यात्री बारह देशों में फैल गए



स्नेहा सिंह
लेखिका

दुनिया में कब कौन-सी संक्रामक बीमारी फैल पड़े, इसका कुछ तय नहीं होता। अप्रैल महीने में अर्जेंटीना के उशुआइया बंदरगाह से एमवी होंडियस नामक क्रूज जहाज यात्रा पर निकला था, तब किसी को अंदाजा नहीं था कि उसके साथ यात्रा कर रहे दो यात्री हंटा वायरस से संक्रमित हैं और उनकी यह यात्रा आखिरी साबित होगी। इस क्रूज पर 150 यात्री और 28 अलग-अलग देशों के नाविक काम कर रहे थे। दो डच यात्री पति-पत्नी दक्षिण अमेरिका में पक्षी निरीक्षण करने लैंडिफिल नामक क्षेत्र में गए थे, जहां उन्हें चूहों के माध्यम से हंटा वायरस का संक्रमण लगा था। सामान्य रूप से हंटा वायरस चूहों के मूत्र, लार और मल के माध्यम से फैलता है। यदि यह वायरस हवा में मौजूद हो तो वह सांस के जरिए मनुष्यों के शरीर में भी प्रवेश कर सकता है। कई बार चूहे के काटने से या उसके द्वारा दूषित भोजन खाने से भी संक्रमण फैलता है। सामान्य रूप से यह वायरस एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलता, लेकिन अर्जेंटीना और चिली में पाया जाने वाला एंडिस स्ट्रेन लोगों में फैलता हुआ पहले भी देखा गया है। क्रूज में यात्रा करने वाले यात्री इसी एंडिस वायरस से संक्रमित होने की आशंका है। चिली के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए अध्ययन के अनुसार संक्रमित व्यक्ति की लार, मूत्र और नाक के स्त्राव में यह वायरस पाया जाता है। जब संक्रमित व्यक्ति बहुत ज्यादा बीमार हो, तब उसे चूमने से, उसकी इस्तेमाल की हुई स्ट्रॉ से पानी पीने से या उसके खांसने और छींकने से भी यह हंटा वायरस लोगों में फैल सकता है। एक अन्य



अध्ययन के अनुसार परिवार के सदस्यों की तुलना में यौन साथी से संक्रमण फैलने का खतरा दस गुना अधिक होता है। इसके बावजूद यह हंटा वायरस कोरोना या सामान्य सर्दी-खांसी की तरह नहीं फैलता। यह हंटा वायरस पल्मोनरी सिंड्रोम-एचपीएस उत्पन्न करता है, जिसमें फेफड़ों में पानी भर जाता है। इसके कारण व्यक्ति को सांस लेने में अत्यधिक तकलीफ होती है। जिन लोगों को यह संक्रमण हो जाता है, उनमें से 50 प्रतिशत लोगों की जान खतरे में पड़ जाती है। पहली अप्रैल को यह क्रूज अर्जेंटीना के उशुआइया बंदरगाह से रवाना हुआ था। छह अप्रैल को एक 70 वर्षीय यात्री को बुखार आया और पांच दिन बाद उसकी मृत्यु हो गई। इसके बाद उसकी पत्नी की भी दक्षिण अफ्रीका में मृत्यु हो गई। फिर एक ब्रिटिश यात्री में भी संक्रमण पाया गया। 29 अप्रैल को यह क्रूज सेंट हेलेना द्वीप पर रुका, जहां उसके 29 यात्रियों के साथ एक शव भी उतारा गया था। उस समय किसी को यह जानकारी नहीं थी कि हंटा वायरस एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैल रहा है। इसके कारण ये 29 यात्री दुनिया के अलग-अलग देशों के लिए रवाना हो गए थे। अब ये यात्री कनाडा, अमेरिका, सेंट किट्स एंड नेविस, यूनाइटेड किंगडम, नीदरलैंड, स्वीडन, डेनमार्क, जर्मनी, स्विट्जरलैंड, तुर्की, सिंगापुर और न्यूजीलैंड पहुंच चुके हैं। इन देशों की सरकारें अब इन यात्रियों को खोजकर उन्हें आइसोलेट करने का प्रयास कर रही हैं। फिलहाल यह क्रूज कैनरी द्वीपों की ओर जा रहा है। अर्जेंटीना, केप वर्डे, स्पेन और इजराइल जैसे देश इस मामले में सतर्क हो गए हैं। इससे पहले 2020 में अर्जेंटीना के चूबुत प्रांत में हंटा वायरस संक्रमण से 11 लोगों की मौत हुई थी। उस समय सुपरस्प्रेडर्स के कारण संक्रमण व्यापक रूप से फैल गया था। लेकिन अब ट्रेसिंग और आइसोलेशन के जरिए इसके प्रसार को रोका जा सकता है। एक संक्रमित व्यक्ति कितने लोगों को संक्रमण फैला सकता है, उसके आधार पर वायरस का आर नंबर तय किया जाता है। शुरूआत में हंटा वायरस का आर नंबर 2.12 के आसपास पाया गया था, लेकिन बाद में संक्रमण को नियंत्रित कर लिए जाने पर यह आर नंबर घटकर एक से कम हो गया था। हालांकि हंटा वायरस संक्रमण का अभी तक कोई प्रभावी इलाज उपलब्ध नहीं है, इसलिए इससे बचाव ही सबसे जरूरी है। इसकी कोई वैक्सीन भी नहीं खोजी गई है। सामान्य रूप से हंटा वायरस से संक्रमित व्यक्ति का उपचार आक्सीजन थेरेपी या वेंटिलेशन मशीन के माध्यम से किया जाता है। शुरूआत में इसके लक्षण फ्लू जैसे होते हैं- बुखार आना, शरीर टूटना और कमजोरी महसूस होना। इसके बाद अचानक मरीज की हालत बिगड़ने लगती है। वायरस के कारण रक्त नलिकाएं कमजोर पड़ जाती हैं, जिससे फेफड़ों में तरल पदार्थ भरने लगता है। मरीज को ऐसा महसूस होता है कि वह हवा में रहते हुए भी डूब रहा है। इस समय ईसीएमओ मशीन के माध्यम से मरीज की जान बचाई जाती है। ईसीएमओ मशीन फेफड़ों और हृदय का काम बाहर से करती है।

# लोकतंत्र के मुखौटे के पीछे: क्या सत्ता, पूंजी और कानून मिलकर जनता की नियति लिख रहे हैं?



एन0के0शर्मा
लेखक

दुनिया के इतिहास में सभ्यताओं का पतन केवल बाहरी आक्रमणों से नहीं हुआ। कई बार राष्ट्र भीतर से खोखले हुए–जब सत्ता ने नैतिकता को निगल लिया, जब न्याय ने सुविधा के आगे घुटने टेक दिए, जब मीडिया ने सच के बजाय प्रायोजित भ्रम बेचना शुरू कर दिया, और जब जनता को अधिकारों से अधिक भावनात्मक नारों का उपभोक्ता बना दिया गया। आधुनिक लोकतंत्रों के सामने आज सबसे बड़ा संकट यही है कि वे दिखने में लोकतांत्रिक हैं, पर भीतर से नियंत्रित व्यवस्थाओं में बदलते जा रहे हैं।

आज विश्व की राजनीति एक ऐसे दौर में प्रवेश कर चुकी है जहाँ चुनाव तो जनता करती है, लेकिन एजेंडा पूंजी तय करती है; कानून संसद बनाती है, पर उसकी दिशा कॉरपोरेट हित प्रभावित करते हैं; और मीडिया जनता के प्रश्न नहीं, बल्कि सत्ता की सुविधाएँ प्रसारित करता दिखाई देता है। यह संकट केवल किसी एक देश का नहीं, बल्कि पूरी वैशिक लोकतांत्रिक संरचना का है।

कभी लोकतंत्र का अर्थ था–जनता की भागीदारी, सामाजिक न्याय, जवाबदेही और पारदर्शिता। लेकिन आज कई देशों में लोकतंत्र केवल एक चुनावी उत्सव बनकर रह गया है। जनता पाँच वर्ष में एक दिन मतदान करती है, और उसके बाद वही जनता निर्णय प्रक्रिया से लगभग बाहर कर दी जाती है। चुनावी भाषणों में गरीबी हटाने, रोजगार देने, शिक्षा और स्वास्थ्य सुधारने के वादे किए जाते हैं, लेकिन सत्ता में आने के बाद प्राथमिकताएँ बदल जाती हैं। जनता की बुनियादी समस्याएँ वहीं की वहीं रहती हैं, जबकि सत्ता और पूंजी के गठजोड़ और मजबूत हो जाते हैं।

विश्व राजनीति का एक भयावह पक्ष यह भी है कि आज जनमत को नियंत्रित करना पहले से कहीं अधिक आसान हो गया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, डिजिटल प्रचार तंत्र, ट्रोल नेटवर्क और प्रायोजित नैरेटिव जनता की सोच को प्रभावित कर रहे हैं। सूचना अब ज्ञान का माध्यम कम और मनोवैज्ञानिक नियंत्रण का हथियार अधिक बनती जा रही है। लोग सच कम और वही देखने लगे हैं जो उन्हें योजनाबद्ध तरीके से दिखाया जाता है। लोकतंत्र में विचारों की स्वतंत्रता आवश्यक होती है, लेकिन जब सूचना ही नियंत्रित हो जाए, तो स्वतंत्रता केवल भ्रम बनकर रह जाती है।

इतिहास गवाह है कि जब भी मीडिया सत्ता के सामने नतमस्तक हुआ, तब समाज में अन्याय बढ़ा। पत्रकारिता का उद्देश्य सत्ता से प्रश्न करना था, लेकिन आज दुनिया के अनेक हिस्सों में मीडिया स्वयं सत्ता संरचना का हिस्सा बन चुका है। बड़े कॉरपोरेट समूह समाचार संस्थानों पर नियंत्रण स्थापित कर रहे हैं। परिणामस्वरूप जनता के असली मुद्दे–बेरोजगारी, किसान संकट, महँगाई, स्वास्थ्य व्यवस्था की विफलता, शिक्षा की गिरती गुणवत्ता–मुख्य विमर्श से गायब होते जा रहे हैं। उनकी जगह भावनात्मक, धार्मिक, जातीय और राष्ट्रवादी बहसों को प्रमुखता दी जा रही है, क्योंकि विभाजित समाज पर शासन करना अधिक आसान होता है।

यह केवल राजनीतिक विफलता नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना का भी संकट है। जब समाज प्रश्न पूछना छोड़ देता है, तब सत्ता निरंकुश होने लगती है। लोकतंत्र केवल संविधान की किताबों से जीवित नहीं रहता; वह जागरूक नागरिकों की चेतना से जीवित रहता है। लेकिन आज स्थिति यह है कि नागरिकों का एक बड़ा वर्ग सूचना से अधिक प्रचार पर विश्वास करने लगा है। आलोचना को देशद्रोह और असहमति को दुश्मनी के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। यह प्रवृत्ति किसी भी लोकतंत्र के लिए अत्यंत घातक होती है। पूंजी और राजनीति का गठबंधन आधुनिक विश्व की सबसे बड़ी वास्तविकताओं में से एक है। चुनाव लड़ना अत्यंत महँगा हो चुका है। राजनीतिक दलों को विशाल आर्थिक संसाधनों की आवश्यकता होती है, और वही आवश्यकता उन्हें बड़े उद्योगपतियों और वित्तीय समूहों पर निर्भर बनाती है। बदले में नीतियाँ अक्सर आम नागरिकों के बजाय आर्थिक शक्तियों के हित में आकार लेने लगती हैं। कर संरचनाएँ, भूमि अधिग्रहण, श्रम कानून, प्राकृतिक संसाधनों का दोहन–इन सभी क्षेत्रों में यह प्रभाव स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। दुनिया के अनेक देशों में आर्थिक असमानता खतरनाक स्तर तक पहुँच चुकी है। एक ओर कुछ प्रतिशत लोगों के पास अपार संपत्ति केंद्रित हो रही है, दूसरी ओर करोड़ों लोग बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। यह असमानता केवल आर्थिक नहीं होती; यह राजनीतिक प्रभाव, न्याय तक पहुँच और सामाजिक सम्मान को भी प्रभावित करती है। गरीब व्यक्ति कानून के सामने भी अक्सर कमजोर पड़ जाता है, जबकि शक्तिशाली वर्ग अपने लिए व्यवस्था को मोड़ने की क्षमता रखता है। कानून का उद्देश्य न्याय स्थापित करना होता है, लेकिन जब न्यायिक प्रक्रियाएँ अत्यधिक महँगी, जटिल और धीमी हो जाएँ, तब आम नागरिक का विश्वास टूटने लगता है। दुनिया के अनेक लोकतंत्रों में अदालतों पर बोझ, लंबित मामलों की संख्या और न्याय में देरी गंभीर चिंता का विषय बन चुके हैं। न्याय में देरी केवल प्रशासनिक समस्या नहीं; यह लोकतंत्र की आत्मा पर चोट है। यदि जनता को यह महसूस होने लगे कि न्याय केवल प्रभावशाली लोगों के लिए तेज और गरीबों के लिए धीमा है, तो सामाजिक असंतोष बढ़ना स्वाभाविक है। धर्म और पहचान की राजनीति भी आधुनिक सत्ता संरचनाओं का एक प्रभावशाली हथियार बन चुकी है। इतिहास, संस्कृति और आस्था का उपयोग लोगों को जोड़ने के बजाय कई बार उन्हें विभाजित करने के लिए किया जाता है। समाज को लगातार '.हम बनाम वे' में बाँटने की रणनीति लोकतांत्रिक संवाद को कमजोर करती है। जब जनता आर्थिक और सामाजिक प्रश्नों के बजाय भावनात्मक ध्रुवीकरण में उलझ जाती है, तब सत्ता पर जवाबदेही का दबाव कम हो जाता है। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि दुनिया का युवा वर्ग, जो परिवर्तन की सबसे बड़ी शक्ति हो सकता था, उसे भी कई बार मनोरंजन, त्वरित डिजिटल संतुष्टि और आक्रामक राजनीतिक प्रचार के बीच उलझा दिया गया है। शिक्षा का उद्देश्य आलोचनात्मक सोच विकसित करना था, लेकिन अनेक स्थानों पर शिक्षा स्वयं वैचारिक संघर्ष का मैदान बनती जा रही है। जब युवा केवल उपभोक्ता बन जाएँ और नागरिक चेतना कमजोर हो जाए, तब लोकतंत्र धीरे-धीरे भीड़तंत्र में बदलने लगता है। फिर भी आशा समाप्त नहीं हुई है। इतिहास यह भी बताता है कि हर अंधकार के बाद प्रतिरोध जन्म लेता है। जब समाज में अन्याय बढ़ता है, तब कहीं न कहीं नई चेतना भी जन्म लेती है। पत्रकार, लेखक, सामाजिक कार्यकर्ता, छात्र, बुद्धिजीवी और जागरूक नागरिक लोकतंत्र की उस अंतिम दीवार की तरह होते हैं जो व्यवस्था को पूर्ण पतन से बचाती है। प्रश्न पूछना, तथ्य माँगना, नीतियों की समीक्षा करना और सत्ता को जवाबदेह बनाना किसी भी लोकतंत्र की सबसे बड़ी आवश्यकता है। एक स्वस्थ राष्ट्र वह नहीं होता जहाँ सरकार की आलोचना समाप्त हो जाए; बल्कि वह होता है जहाँ आलोचना को राष्ट्रनिर्माण का आवश्यक हिस्सा माना जाए। लोकतंत्र केवल मतदान का अधिकार नहीं, बल्कि सत्ता से निरंतर प्रश्न पूछने का साहस भी है। यदि जनता यह साहस खो दे, तो लोकतंत्र का ढाँचा बचा रह सकता है, लेकिन उसकी आत्मा मरने लगती है। आज पूरी दुनिया एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी है। प्रश्न केवल यह नहीं कि कौन सत्ता में है; प्रश्न यह है कि सत्ता किसके लिए काम कर रही है। क्या राष्ट्र जनता के लिए संचालित हो रहे हैं, या जनता को केवल सत्ता बनाए रखने के लिए प्रयोग किया जा रहा है? क्या कानून वास्तव में समान हैं, या उनकी गति और दिशा व्यक्ति की आर्थिक और राजनीतिक हैसियत तय करती है? क्या मीडिया सच दिखा रहा है, या वह केवल प्रायोजित धारणाओं का बाजार बन चुका है? इन प्रश्नों से बचना आसान है, लेकिन इन्हें अनदेखा करना किसी भी सभ्यता के लिए घातक हो सकता है। क्योंकि जब लोकतंत्र केवल प्रतीक बन जाए, न्याय केवल प्रक्रिया बन जाए, और जनता केवल भीड़ बनकर रह जाए–तब इतिहास बहुत कठोर निर्णय लिखता है।



# प्रकृति की सेवा और मानवता का धर्म', नेचर केयर ट्रस्ट के शिविर में 30 युवाओं ने किया रक्तदान

## तुलसी का पौधा भेंट कर ट्रस्ट ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

लुकमान खान

**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** जनपद की सामाजिक संस्था नेचर केयर ट्रस्ट द्वारा आज स्टेडियम रोड स्थित जीवनरेखा ब्लड बैंक में एक वृहद सामूहिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। 'रक्तदान से जीवन बचाएं, तुलसी रोपण से प्रकृति सजाएं' के प्रेरक नारे के साथ आयोजित इस शिविर में न केवल रक्त की बूंदों से जीवन बचाने का संकल्प लिया गया, बल्कि पर्यावरण की शुद्धि का संदेश भी जन-जन तक पहुँचाया गया।




### भव्य शुभारंभ और उत्साह

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य एवं जीवनरेखा ब्लड बैंक की डायरेक्टर डॉ. नीलमा अग्रवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर भाजपा नी जिला अध्यक्ष श्री संजीव प्रताप सिंह एवं निशक्तजन सेवा संस्थान के अध्यक्ष अमृतलाल जी की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनका स्नेहपूर्ण मार्गदर्शन कार्यकताओं को प्राप्त हुआ।

महादानियों की सूची में जुड़े नए नाम, शिविर में युवाओं का जोश देखने लायक था। कुल 30 रक्तदाताओं ने मानवता के प्रति अपना कर्तव्य निभाते हुए स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में मुख्य रूप से: आदेश चौहान, वंश आनंद

### डॉ. गौरव वर्मा, हिमांशु 261, सचिव दीप अग्रवाल

अवधेश कुमार यादव, स्वतंत्र देवल, आलोक सक्सेना, शिवम कश्यप, अमनदीप मिश्रा अभिषेक अग्रवाल विक्की सब्बरवाल हनी सब्बरवाल हार्दिक जयश्वर प्रशांत भारद्वाज सुधीर गंगवार सचिन पटेल प्रमोद गंगवार मुदित अग्रवाल स्पर्श अग्रवाल प्यारे लाल आलोक सक्सेना शुभम भारती सहित उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों भाजपा नगर अध्यक्ष इंद्रेश चौहान, अंशुमन तिवारी ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उनके इस साहसी कदम की सराहना की।

### पर्यावरण प्रहरी की अनूठी पहल

ट्रस्ट के अध्यक्ष हिमांशु पटेल ने कहा कि रक्त हमारे शरीर की जीवनरेखा है और ऑक्सीजन हमारे पर्यावरण की। इसी सोच के साथ ट्रस्ट ने इस बार एक नई परंपरा स्थापित की– प्रत्येक रक्तदाता को तुलसी का पौधा उपहार में दिया गया। सचिव दीप अग्रवाल ने सभी को इन पौधों के उचित रखरखाव और संरक्षण की शपथ दिलाई, ताकि प्रत्येक रक्तदाता अपने घर में एक 'ऑक्सीजन बैंक' स्थापित कर सके।

### प्रमुख विचार:

**अमृतलाल:** '.जब समाज के युवा ऐसे कार्यों के लिए आगे आते हैं, तभी राष्ट्र के विकास का मार्ग प्रशस्त होता है।'

**डॉ. नीलमा अग्रवाल:** '.गर्मियों के मौसम में अक्सर रक्त की कमी हो जाती है, ऐसे समय में 30 यूनिट रक्त का संग्रह होना कई परिवारों के लिए जीवनदान साबित होगा।'

**आभार प्रदर्शन:** शिविर के सफल संचालन में ट्रस्ट के समस्त पदाधिकारियों और कार्यकताओं का विशेष योगदान रहा। अंत में सभी आगंतुकों, ब्लड बैंक की मेडिकल टीम और रक्तदाताओं का संस्था की ओर से हृदय से आभार व्यक्त किया।

## धामपुर के युशा नफीस का एशियन जूनियर और वर्ल्ड जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप के लिए चयन

नितिन शर्मा



**बिजनौर(वेलकम इंडिया)।** जनपद बिजनौर के धामपुर के प्रतिभाशाली स्क्वैश खिलाड़ी युशा नफीस का चयन अंतरराष्ट्रीय स्तर की दो महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं के लिए हुआ है। युशा नफीस, जो कि नफीस अहमद के पुत्र हैं, का चयन 33वीं एशियन जूनियर इंडिविजुअल स्क्वैश चैंपियनशिप के लिए हुआ है, जो 20 से 24 मई 2026 तक पानझीहुआ सिटी (चीन) में आयोजित की जाएगी। इसके अलावा उनका चयन वर्ल्ड जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप के लिए भी हुआ है, जो 20 से 30 जुलाई 2026 तक कनाडा में आयोजित होगी। युशा नफीस वर्तमान में डीपीएस स्कूल धामपुर, जनपद बिजनौर (उत्तर प्रदेश) के छात्र हैं। इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्रधानाचार्या बाबिता गुप्ता ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएँ दीं और कहा कि युशा की मेहनत और लगन विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। युशा नफीस के पिता नफीस अहमद वर्तमान में धामपुर शुगर मिल्स के डिस्टिलरी प्लांट में कार्यरत हैं और वे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय क्रिकेटरों में भी रह चुके हैं। युशा नफीस को उनके कोच मिस्टर ध्रुव धवन द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उनकी इस उपलब्धि से धामपुर और पूरे जिले में खुशी का माहौल है। खेल प्रेमियों और क्षेत्रवासियों ने उम्मीद जताई है कि वे अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर देश और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।

## थाना दिवस में उमड़ा जनसैलाब, मौके पर निपटीं फरियादें





लुकमान खान

**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** जनपद के थाना क्षेत्र सेहरामऊ उत्तरी में शनिवार को आयोजित थाना दिवस आम जनता के लिए राहत लेकर आया। थाना परिसर में सुबह से ही फरियादियों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी, जहां जमीन विवाद, पारिवारिक कलह, आपसी कहासुनी, कब्जे और अन्य जनसमस्याओं से जुड़े मामलों की सुनवाई की गई। अधिकारियों ने एक-एक फरियादी की समस्या को गंभीरता से सुना और कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर लोगों को राहत पहुंचाई। थाना दिवस के दौरान प्रशासन पूरी तरह सक्रिय और सजग नजर आया। पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने समन्वय के साथ शिकायतों की जांच की और संबंधित मामलों में तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। फरियादियों को भरोसा दिलाया गया कि उनकी समस्याओं का निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से समाधान कराया जाएगा तथा किसी भी पीड़ित के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। कार्यक्रम में गढ़वा चौकी इंचार्ज, तहसीलदार पूरनपुर, लेखपाल सहित अन्य राजस्व अधिकारी मौजूद रहे। वहीं थाना स्टाफ भी पूरे समय मुस्तैदी के साथ व्यवस्था संभालता दिखाई दिया। अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है और थाना दिवस इसी उद्देश्य को लेकर आयोजित किया जाता है। थाना परिसर में पहुंचे ग्रामीणों ने भी प्रशासन की कार्यशैली की सराहना की। कई लोगों ने बताया कि उनकी शिकायतों पर तुरंत सुनवाई हुई और मौके पर समाधान मिलने से उन्हें राहत महसूस हुई। थाना दिवस के दौरान अधिकारियों ने यह भी निर्देश दिए कि लंबित मामलों में तेजी लाई जाए और शिकायतकर्ता को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। जनसमस्याओं के समाधान को लेकर प्रशासन की सक्रियता और मौके पर त्वरित कार्रवाई ने थाना दिवस को प्रभावी बना दिया। लोगों में यह संदेश गया कि पुलिस और प्रशासन जनता की समस्याओं को लेकर गंभीर है और शिकायतों के निस्तारण के लिए तत्परता के साथ कार्य कर रहा है।

## महाराणा प्रताप जयंती पर कानून-शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस सतर्क



राजीव कुमार

**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया।

जनपद के प्रमुख स्थानों पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटियां लगाई गईं तथा सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, सहारनपुर ने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए सभी पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा सतर्कता एवं अनुशासन के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। पुलिस प्रशासन द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी गई, जिससे पूरे जनपद में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहा।

## पूरनपुर में रसोई गैस का संकट या सोची-समझी साजिश? डीएसी कोड के नाम पर उपभोक्ताओं का मानसिक उत्पीड़न





लुकमान खान

**पीलीभीत/पूरनपुर(वेलकम इंडिया)।** तहसील क्षेत्र में गैस एजेंसी संचालकों की तानाशाही और मनमानी चरम पर पहुंच गई है, जिससे आम जनता त्रस्त है। केंद्र सरकार की डिजिटल इंडिया और सुगम वितरण की योजनाओं को ठेंगा दिखाते हुए पूरनपुर की गैस एजेंसियां उपभोक्ताओं का शोषण करने पर उतारू हैं।

आलम यह है कि अपनी रसोई के लिए गैस सिलेंडर पाने की खातिर गरीब उपभोक्ताओं को सुबह 5:00 बजे से ही लंबी-लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है, फिर भी घंटों इंतजार के बाद उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।पीड़ित उपभोक्ताओं ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सिलेंडर बुक होने के बावजूद एजेंसी संचालक जानबूझकर डीएसी जारी करने में अड़ंगा लगा रहे हैं।

नियमतः बुकिंग के तुरंत बाद उपभोक्ता के पास कोड आना चाहिए, लेकिन आरोप है कि संचालक तकनीकी खामियों का बहाना बनाकर कोड रोक देते हैं।

यह सब एक सोची-समझी साजिश के तहत किया जा रहा है ताकि बाजार में गैस की कृत्रिम किल्लत पैदा की जा सके। जब उपभोक्ता परेशान होकर हार मान लेता है, तो यही एजेंसियां पिछले दरवाजे से ऊंचे दामों पर सिलेंडरों की कालाबाजारी को अंजाम देती हैं। हैरानी की बात यह है कि घंटों लाइन में लगने के बावजूद बुजुर्गों और महिलाओं को भी कोई राहत नहीं दी जा रही है।स्थानीय निवासियों ने जिले में बैठे उच्चाधिकारियों और जिला पूर्ति विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं।

जनता ने पुरजोर मांग की है कि ऐसे भ्रष्ट और मनमानी करने वाले गैस एजेंसी संचालकों के खिलाफ तत्काल प्रवर्तन की कार्रवाई की जाए और उनके लाइसेंस निरस्त किए जाएं। अब देखना यह है कि प्रशासन इन रसूखदार गैस माफियाओं पर चाबुक चलाता है या उपभोक्ताओं को यूं ही कतारों में दम तोड़ने के लिए छोड़ दिया जाता है।

## एनसीसी कैडिटों ने किया भव्य ध्वजारोहण, जागरूकता रैली निकाली



राजीव कुमार

**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** ऑपरेशन सिंदूर के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 26 उत्तर प्रदेश बालिका वाहिनी, एनसीसी, सहारनपुर के कमान अधिकारी कर्नल आर.के.माही के नेतृत्व एवं उनके मार्गदर्शन तथा दिशानिदेर्शानुसार मदर टेरेसा पब्लिक स्कूल एवं विद्या देवी कन्या महाविद्यालय, जंधेड़ा समसपुर के एनसीसी कैडेट्स द्वारा भव्य ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय ध्वज फहराने एवं राष्ट्रगान के साथ हुई, जिससे सभी में देशभक्ति एवं राष्ट्र गौरव की भावना जागृत हुई। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स द्वारा '.ऑपरेशन सिंदूर' के संबंध में जागरूकता रैली भी आयोजित की गई तथा नागरिकों को राष्ट्रीय सुरक्षा, एकता एवं देशभक्ति के प्रति जागरूक किया गया। कैडेट्स ने युद्ध से होने वाली हानि एवं विनाशकारी प्रभावों के बारे में जानकारी देते हुए शांति एवं मानवता बनाए रखने का संदेश दिया। कैडेट्स ने कहा कि युद्ध कभी भी राष्ट्र एवं मानवता के हित में नहीं होता, क्योंकि युद्ध केवल विनाश और बलिदान लाता है। साथ ही उन्होंने यह संदेश भी दिया कि भारत अपनी सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति सदैव सजग रहता है तथा देश के नागरिकों पर किसी भी प्रकार की गलत दृष्टि डालने वालों को भारत दृढ़ता से उत्तर देने में सक्षम है।

## थैलेसीमिया के खिलाफ जंग, जिलाधिकारी ने भरी हुंकार, रक्तदान शिविर में युवाओं ने दिखाया जज्बा

लुकमान खान

**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** सक्षक्ष विश्व थैलेसीमिया दिवस और रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर आज स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में मानवता की एक नई मिसाल पेश की गई।

जिला प्रशासन और इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विशेष रक्तदान शिविर का उद्घाटन करते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि थैलेसीमिया जैसी आनुवंशिक बीमारियों से लड़ने के लिए समाज को अब अपनी गहरी नींद से जागना होगा।



उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि नियमित रक्तदान ही इन मासूम मरीजों के लिए जीवन की एकमात्र उम्मीद है और इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिविर का आगाज रेड क्रॉस सोसाइटी के हर्षल सिंह और सौरभ अग्रवाल ने रक्तदान कर किया, जिन्होंने अपनी रगों का लहू देकर उन स्वार्थी तत्वों के मुंह पर तमाचा जड़ा है जो सामाजिक सरोकारों से दूर भागते हैं। कुल 11 रक्तदाताओं ने साहस का परिचय देते हुए इस पुनीत कार्य में आहुति दी। जिलाधिकारी ने जोर देकर कहा कि थैलेसीमिया पीड़ितों को ताउम्र खून की जरूरत होती है, ऐसे में यदि युवा आगे नहीं आएंगे तो इन मरीजों का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। कार्यक्रम में पैरामेडिकल की छात्राओं द्वारा बनाई गई पोस्टरों के जरिए जागरूकता का तीखा प्रहार किया गया, जिसके लिए जिलाधिकारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। प्रशासनिक संवेदनशीलता का परिचय देते हुए जिलाधिकारी ने अस्पताल में भर्ती मरीज श्यामसुंदर का हाल जाना और स्वास्थ्य विभाग को सख्त लहजे में निर्देश दिए कि इलाज में रत्ती भर भी लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने डॉक्टरों को आदेश दिया कि यदि बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर भेजने की आवश्यकता हो, तो तत्काल सूचित किया जाए। मेडिकल कॉलेज की प्राचार्या डॉ. संगीता अनेजा और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक कुमार की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम ने यह साफ संदेश दे दिया है कि अब केवल बातों से नहीं, बल्कि सक्रिय भागीदारी से ही थैलेसीमिया जैसी चुनौतियों को जड़ से मिटाया जाएगा।

मौके पर डॉ. अमिताभ अग्निहोत्री, डॉ. अरुण सिंह सहित अन्य विशेषज्ञों ने भी आनुवंशिक परामर्श और समय पर जांच की अनिवार्यता पर अपनी बेबाक राय रखी।

## बंगाल चुनाव में लोकतंत्र की चोरी हुई: इमरान मसूद

राजीव कुमार



**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** सांसद इमरान मसूद ने पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय सुरक्षा बलों के सहारे लोकतंत्र की चोरी की गई है।

उन्होंने विपक्षी दलों से आह्वान किया कि यदि अब भी वे इन चुनावों से सबक लेकर एकजुट होकर नहीं लड़े, तो भविष्य में भी ऐसे ही परिणाम सामने आएंगे। सांसद इमरान मसूद अपने आवास पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में कांग्रेस द्वारा संगठन सृजन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पार्टी कार्यकताओं को मजबूत करने और आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल चुनाव में सरकारी संस्थाओं का दुरुपयोग किया गया, जिसका कांग्रेस पुरजोर विरोध करेगी। उनका कहना था कि विपक्ष को बंगाल चुनाव के परिणामों से सीख लेकर आगामी चुनावों की रणनीति बनानी होगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि देश में इस समय नफरत का माहौल बनाया जा रहा है, जबकि सरकार रोजगार, महंगाई, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे अहम मुद्दों पर कोई चर्चा नहीं कर रही है।

पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा चुनाव परिणामों के विरोध के सवाल पर उन्होंने कहा कि जब जनादेश भाजपा के पक्ष में जा चुका है, तो विरोध करना स्वाभाविक नहीं कहा जा सकता।

वहीं, सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के संबंध में पूछे गए सवाल पर इमरान मसूद ने कहा कि चुनाव बड़े दिल और साफ नीयत के साथ लड़ना चाहिए।

## बाबा बागेश्वर महादेव मंदिर का होगा भव्य सौंदर्यीकरण: नगर विधायक ने की पूजा अर्चना

राजीव कुमार

**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** शहर के प्रसिद्ध सिद्धपीठ एवं लाखों श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र बाबा बागेश्वर महादेव मंदिर में अब फसाड लाइटों के माध्यम से भव्य सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। नगर विधायक राजीव गुम्बर के प्रस्ताव पर सहारनपुर विकास प्राधिकरण द्वारा लगभग 47 लाख रुपए की लागत से यह कार्य कराया जा रहा है।



कार्य का शुभारंभ आज बाबा बागेश्वर महादेव मंदिर परिसर में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना, जलाभिषेक और नारियल फोड़कर किया गया। इस दौरान '.बागेश्वर बाबा की जय' के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा- नगर विधायक राजीव गुम्बर ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार धार्मिक और पौराणिक स्थलों के विकास व सौंदर्यीकरण को प्राथमिकता दे रही है।

उन्होंने बताया कि महानगर के श्री भूतेश्वर महादेव मंदिर में 1 करोड़ तथा श्री भैरों काली मंदिर में 50 लाख रुपए की लागत से विकास कार्य भी कराए जा रहे हैं।

कार्यक्रम में भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई, बागेश्वर महादेव सभा के अध्यक्ष धर्मवीर गर्ग, प्रबंधक राजीव गोयल, कोषाध्यक्ष घनश्याम माहेश्वरी, हेमंत अरोड़ा, विजय माहेश्वरी, विनोद चोजड़, के एल अरोड़ा, अनेश शर्मा, किशोर शर्मा, सुपनीत सिंह, मनुज तायल, गोपाल मेंहदीरत्ता, विजय वर्मा, योग चुघ, पार्षद मनोज प्रजापति, के के बत्रा, संजीव कर्णवाल, विपिन कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## दहेज की खातिर गर्भवती महिला पर अत्याचार का आरोप

लुकमान खान

**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** पीलीभीत के अमरिया थाना क्षेत्र की एक गर्भवती विवाहिता को दहेज की अतिरिक्त मांग पूरी न होने पर प्रताड़ित किए जाने का मामला सामने आया है।पीड़िता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत ससुराल पक्ष के कई लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।गांव पिंजरा बमनपुरी निवासी एजाज अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री गुलनाज का निकाह करीब 14 माह पूर्व बरेली जनपद के नवाबगंज कस्बे के मोहल्ला नई बस्ती निवासी तालिब हुसैन के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज से हुआ था। परिवार ने अपनी हैसियत के अनुसार शादी में दान-दहेज भी दिया था, लेकिन कुछ समय बाद ही ससुराल पक्ष अतिरिक्त मांगों को लेकर दबाव बनाने लगा।आरोप है कि पति और उसके परिजन लगातार दो लाख रुपये नकद और बुलेट मोटरसाइकिल की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर विवाहिता के साथ आए दिन अभद्रता, मानसिक उत्पीड़न और मारपीट की जाती रही। पीड़िता के पिता का कहना है कि 22 अप्रैल को ससुराल पक्ष के लोगों ने उनकी पुत्री के साथ मारपीट कर उसे घर से बाहर निकाल दिया। उस समय वह आठ माह की गर्भवती थी। घटना के बाद किसी तरह वह मायके पहुंची, जहां उसकी हालत देखकर परिजनों ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की। अमरिया थाना पुलिस ने पति, सास, ननद और देवर समेत कई लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## 22 पव्वो सहित नशा तस्कर गिरफ्तार

राजीव कुमार



**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** थाना मण्डी, सहारनपुर पुलिस अवैध शराब के साथ एक नशा तस्कर को गिरफ्तार, कब्जे से 22 पव्वे देशी शराब महबूबा यूपी मार्का व एक अवैध चाकू बरामद किया गया। एसएसपी के निर्देशन में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध अस्त्र व शस्त्र रखने वाले व शराब की तस्करी करने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक श्री सतपाल सिंह भाटी के कुशल नेतृत्व में थाना मण्डी पुलिस टीम द्वारा 8 मई की रात्रि में गस्त व चौकिंग के दौरान एक शराब तस्कर अभियुक्त नसीम पुत्र नाजिम निवासी गली नं0 3 इन्द्रा चौक थाना मण्डी जनपद सहारनपुर को मण्डी समिति के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 22 पव्वे देशी शराब महबूबा यूपी मार्का व एक अवैध चाकू बरामद हुए।

शातिर नशा तस्कर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर अग्रिम कार्यवाही की गयी।

# महाराणा प्रताप जयंती पर मानवता का महादान- 21 ने किया रक्तदान

## रक्तदान शिविर में उमड़ा सेवा, समर्पण और सामाजिक चेतना का जज्बा

वेलकम इंडिया संवाददाता





**करनाल।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती के पावन अवसर पर नागरिक अस्पताल करनाल के रक्त केंद्र में 587 वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं, समाजसेवियों एवं विभिन्न संगठनों के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानवता और सेवा भावना का प्रेरणादायी परिचय दिया।

शिविर का आयोजन 182 बार स्वेच्छा से रक्तदान, 89 बार प्लेटलेट्स तथा 1 बार प्लाज्मा दान कर चुके राष्ट्रपति पुलिस पदक से विभूषित राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुकेश कुमार, सचिव कुलपति, महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय उपस्थित रहे, जबकि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त सहायक कुलसचिव दविन्द्र सचदेवा अति विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। शिविर की अध्यक्षता पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त अधिकारी चरंजी लाल वर्मा ने की।

नागरिक अस्पताल के क्षेत्रीय रक्त संचरण अधिकारी डॉ. संजय वर्मा के निर्देशन में रक्त संग्रहण किया गया। शिविर संयोजक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि रक्तदान केवल एक दान नहीं, बल्कि किसी अनजान व्यक्ति को नया जीवन देने का सबसे बड़ा माध्यम है।

शिविर अध्यक्ष चिरंजी लाल वर्मा ने बताया कि डॉ. वर्मा द्वारा वर्ष 1989 से अब तक 587 स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किए जा चुके हैं, जिनके माध्यम से 21022 रक्त इकाइयाँ सरकारी रक्त कोषों को उपलब्ध कराई गईं। इन रक्त इकाइयों से 63066 से अधिक जरूरतमंद लोगों को जीवनदान मिला है। अति विशिष्ट अतिथि दविन्द्र सचदेवा ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन त्याग, पराक्रम और राष्ट्रसेवा का प्रतीक है। उनकी जयंती पर आयोजित यह रक्तदान शिविर समाज में सेवा, संवेदना और मानवता का प्रेरणादायी संदेश देता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता, डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा वर्षों से निस्वार्थ भाव से समाज सेवा में जुटे हुए हैं और युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। शिविर में जसविंदर सिंह, मिंटू, योगेन्द्र, सूरज भान, रविन्द्र कुमार, रमेश कुमार, राम प्रकाश, डॉ. बाला कृष्णन, परदीप, गोविन्द, हरि चन्द, मुकेश, अमन, अनुप भारद्वाज, वरुण शर्मा एवं राहुल सहित अन्य लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा युवाओं से नियमित रक्तदान कर जरूरतमंद लोगों के जीवन बचाने का आह्वान किया गया।

# बहुजन एकता की हुंकारः सामाजिक अधिकारों और चुनौतियों पर मंथन, भीम आर्मी जिलाध्यक्ष रिंकू सेठ से मिले समिति पदाधिकारी

मयूर खान



**आगरा(वेलकम इंडिया)।** आगरा में बहुजन समाज की एकजुटता और सामाजिक अधिकारों को मजबूत करने के उद्देश्य से डॉ. बाबा साहब भीमराव अंबेडकर समिति नादऊ के पदाधिकारियों ने भीम आर्मी जिलाध्यक्ष रिंकू सेठ से उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान दलित एवं बहुजन समाज से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों, वर्तमान चुनौतियों और सामाजिक जागरूकता को लेकर गंभीर चर्चा की गई। बैठक में समाज के लोगों को शिक्षा, संगठन और संघर्ष के माध्यम से आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया।

वक्ताओं ने कहा कि आज भी दलित और बहुजन वर्ग कई सामाजिक और आर्थिक समस्याओं का सामना कर रहा है, जिसके समाधान के लिए संगठित प्रयासों की आवश्यकता है। समाज में समानता, सम्मान और अधिकारों की लड़ाई को मजबूती देने के लिए युवाओं को आगे आने का आह्वान भी किया गया।

भीम आर्मी जिलाध्यक्ष रिंकू सेठ ने कहा कि बहुजन समाज की आवाज को दबने नहीं दिया जाएगा और समाज के हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने सामाजिक संगठनों की एकता को समय की सबसे बड़ी जरूरत बताया।

इस दौरान रोहित जयन्त, चन्द्रपाल बौद्ध, कुलदीप कुमार, तुषार पिप्पल सहित डॉ. बाबा साहब भीमराव अंबेडकर समिति नादऊ के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मथुरा की कथक शिष्या तेजस्विनी सिंह 10 मई को मुंबई में देंगी प्रथम एकल कथक प्रस्तुति

वेलकम इंडिया संवाददाता



**मथुरा।** जिले के प्रसिद्ध कलावृक्ष कथक केंद्र की प्रतिभाशाली शिष्या तेजस्विनी सिंह आगामी 10 मई 2026 को मुंबई में अपनी प्रथम एकल कथक प्रस्तुति देने जा रही हैं। यह प्रस्तुति कथक की प्रख्यात गुरु पंडिता उमा डोगरा के नए कार्यक्रम '.मंजरी' के मंच पर होगी। कलावृक्ष कथक केंद्र विगत 15 वर्षों से मथुरा में शास्त्रीय कथक नृत्य की शिक्षा दे रहा है। केंद्र की संस्थापक एवं निदेशक गुरु गीतांजलि शर्मा ने बताया कि तेजस्विनी वर्षों से समर्पण और कठिन परिश्रम के साथ साधना कर रही हैं। '.मंजरी' जैसे प्रतिष्ठित मंच पर उन्हें यह अवसर मिलना उनके नृत्य सफर की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। गीतांजलि शर्मा जी ने कहा, की तेजस्विनी एक समर्पित शिष्या है। उसके निरंतर परिश्रम और लगन ने ही उसे इस मंच तक पहुँचाया है। '.मंजरी' पर प्रस्तुति का अवसर मिलना उसके सीखने के क्रम में एक महत्वपूर्ण चरण है। पंडिता उमा डोगरा द्वारा उसे यह अवसर देना हमारे लिए गौरव की बात है। '.मंजरी' कार्यक्रम इस वर्ष पंडिता उमा डोगरा द्वारा शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य उन समर्पित शिष्यों को मंच उपलब्ध कराना है जो लंबे समय से कठिन साधना के बाद प्रस्तुति के लिए तैयार हो रहे हैं। तेजस्विनी सिंह की यह एकल प्रस्तुति गुरु-शिष्य परंपरा को मजबूत करने और नई पीढ़ी को शास्त्रीय कला से जोड़ने की दिशा में कलावृक्ष कथक केंद्र का एक सार्थक प्रयास है। कलावृक्ष कथक केंद्र मथुरा क्षेत्र में छात्राओं को न सिर्फ कथक नृत्य सिखाता है, बल्कि अनुशासन, एकाग्रता और सांस्कृतिक जड़ों से जोड़कर उनके समग्र व्यक्तित्व विकास में भी योगदान दे रहा है।

# प्यासे को पानी सबसे बेहतर व श्रेयस्कर सेवा कार्यः बोहरा

वेलकम इंडिया संवाददाता




**बाड़मेर राजस्थान।** थार नगरी, बाड़मेर में राहगीरों व आमजन की जल सेवा को लेकर शनिवार को जन कल्याण संस्थान, बाड़मेर के तत्वावधान एवं भामाशाह मातुश्री बदामी देवी मोहनलालजी फौजमलजी कुम्भोणी बोथरा परिवार बाड़मेर-मुम्बई के सौजन्य से संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन के सानिध्य में श्री रिखबदास वडेरा मार्ग चौहटन रोड़ पर 18वीं शीतल जल प्याऊ का शुभारम्भ कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिससे आमजन को भीषण गर्मी में शीतल जल से राहत मिल सकेगी।

संस्थान के सचिव दीपक जैन ने बताया कि संस्थान की ओर से भीषण गर्मी में आमजन व राहगीरों की जल सेवा को लेकर सतत कार्य किया जा रहा है। जिस कड़ी में संस्थान की ओर से भामाशाह सहयोग से अब तक कुल 18 शीतल जल प्याऊ का संचालन किया जा रहा है।

जिसमें शनिवार को भामाशाह परिवार मातुश्री बदामी देवी मोहनलालजी फौजमलजी कुम्भोणी बोथरा परिवार बाड़मेर-मुम्बई के सौजन्य से चौहटन रोड़ स्थित श्री रिखबदास वडेरा मार्ग के सामने 18वीं शीतल जल प्याऊ का शुभारम्भ हुआ। शुभारम्भ के साथ ही नियमित जल व्यवस्था का बन्दोबस्त किया गया।

संस्थान अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश बोहरा अमन ने कहा कि भीषण गर्मी के दिनों में प्यासे को पानी ही सबसे बेहतर व श्रेयस्कर सेवा कार्य है।

मानव जल सेवा को लेकर संस्थान विभिन्न स्थानों पर भामाशाह व जन सहयोग के माध्यम से शीतल जल प्याऊ संचालित की जा रही है। अमन ने कहा कि संस्थान थार नगरी, बाड़मेर को ग्रीन व क्लीन सिटी बनाने को लेकर एक महत्वपूर्ण कार्य योजना पर कार्य कर रही है।

इस दौरान भामाशाह भूरचन्द बोहरा मारसा, मुकेश अमन, सुरेश जैन मोबाईल, कल्याण सिंह, हिमांशु, सहित स्थानीय व्यापारी व राहगीर उपस्थित रहे।

# मलपुरा पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़, नकबजनी का आरोपी घायल हालत में गिरफ्तार

मयूर खान



**आगरा(वेलकम इंडिया)।** आगरा के थाना मलपुरा क्षेत्र में हुई नकबजनी और चोरी की घटना का पुलिस ने सफल खुलासा कर दिया है।

थाना मलपुरा पुलिस ने 08/09 मई 2026 की रात चलाए गए विशेष चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस मुठभेड़ में एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार बदमाश की पहचान श्रवण उर्फ राजू उर्फ बिहारी के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार पुलिस टीम क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल सवार युवक को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन उसने रुकने के बजाय भागने की कोशिश की। पीछा करने पर बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में की गई जवाबी कार्रवाई में अभियुक्त घायल हो गया और मौके पर ही पकड़ लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस व एक खोखा कारतूस .315 बोर, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और नकदी बरामद हुई है। घायल बदमाश को उपचार के लिए एसएन मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है और उससे क्षेत्र में हुई अन्य चोरी व नकबजनी की घटनाओं के संबंध में पूछताछ की जा रही है। मामले में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई जारी है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार बनने पर बांटी मिठाई

वेलकम इंडिया संवाददाता



**मथुरा/गोवर्धन।** तहसील के सौंख क्षेत्र में शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार बनने और प्रस्तावित शपथ ग्रहण कार्यक्रम को लेकर खुशी जाहिर करते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी।इस अवसर पर क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यकताओं ने भाजपा के समर्थन में जमकर नारेबाजी की और खुशी का इजहार किया।कार्यक्रम में भाजपा कार्यकत्री पूनम सिंह एडवोकेट ने कहा कि भाजपा की नीतियों और प्रधानमंत्री के नेतृत्व पर जनता लगातार भरोसा जता रही है।

उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में भाजपा को मिल रहा जनसमर्थन पार्टी की मजबूत विचारधारा और विकास कार्यों का परिणाम है।

उन्होंने पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार बनने पर खुशी व्यक्त करते हुए कार्यकताओं के साथ भाजपा पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए।इस दौरान कार्यकताओं ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराया और आतिशबाजी कर खुशी मनाई।कार्यक्रम में मौजूद भाजपा समर्थकों ने कहा कि आने वाले समय में पार्टी और अधिक मजबूती के साथ आगे बढ़ेगी।पूरे आयोजन के दौरान कार्यकताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर पूनम सिंह एडवोकेट प्रवीन हुड्डा राजेश त्यागी अमरदास विक्रांत चंद्रपाल।

# एसएसपी डा0 गौरव ग्रोवर द्वारा थाना बाबा बाजार के नवनिर्मित भवन का किया गया निरीक्षण



फतेह खान

**रुदौली-अयोध्या(वेलकम इंडिया)।** शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या डा0 गौरव ग्रोवर द्वारा थाना बाबा बाजार के नवनिर्मित भवन का निरीक्षण किया गया। जिसमें पुलिस कर्मियों के लिए बने आवासीय भवनों एवं नवनिर्मित प्रशासनिक भवन, नवनिर्मित थानाध्यक्ष कार्यालय, नवनिर्मित मिशन शक्ति केन्द्र कक्ष, नवनिर्मित कम्प्यूटर कक्ष, नवनिर्मित कायार्लेख कक्ष, नवनिर्मित महिला बैरक व पुरूष बैरक, हवालात व थाने पर लगे सीसीटीवी एवं नवनिर्मित थाने की अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। और सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# कल्याणपुरी रोड पर 50 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला, शिनाख्त नहीं

वेलकम इंडिया संवाददाता



**मुरादाबाद।** कटघर थाना क्षेत्र के बलदेवपुरी-कल्याणपुरी रोड पर शुक्रवार को एक 50 वर्षीय व्यक्ति का शव संदिग्ध हालत में पड़ा मिला। स्थानीय लोगों ने शव देखकर तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कटघर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया।

### शिनाख्त का प्रयास जारी

पुलिस के मुताबिक मृतक की उम्र करीब 50 वर्ष है। शव के पास से कोई ऐसा दस्तावेज या सामान नहीं मिला जिससे उसकी पहचान हो सके। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन अभी तक सफलता नहीं मिली है।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलेगा मौत का राज

थाना कटघर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल मौत संदिग्ध मानी जा रही है। आसपास के थानों में गुमशुदगी दर्ज मामलों से भी मिलान किया जा रहा है। पुलिस ने अपील की है कि यदि किसी का परिजन लापता है तो वह थाना कटघर या कंट्रोल रूम से संपर्क कर शव की शिनाख्त कर सकता है। मामले की जांच की जा रही है।

# थाना सरसावा, थाना फतेहपुर, थाना मण्डी, थाना सदर बाजार, थाना नकुड, थाना कोतवाली नगर एवम थाना देवबंद प्रभारियो की बडी कार्रवाई

राजीव चौधरी




**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र- उ्क्रॄ अभिषेक सिंह के कडे एक्शन के चलते ररढ अभिनंदन सिंह,रढ उक्ळ व्योम बिंदल एवम रढ उ्ल्हअळ मयंक पाठक के दिशा निर्देश पर थाना सरसावा प्रभारी प्रवेश कुमार शर्मा के कुशल निर्देशन वाली पुलिस टीम ने मात्र 24 घंटे में किया चोरी की घटना का सफल अनावरण पकड़े गए दो शातिर चोरों के कब्जे से बिजली के बाक्स से चोरी हुए बेइंतहा उपकरण किए बरामद थाना फतेहपुर प्रभारी वीरेन्द्र सिंह राणा के कुशल निर्देशन वाली पुलिस टीमो को 2 मामलों में मिली जबरदस्त कामयाबी इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह राणा की पुलिस टीम ने ऑपरेशन सवेरा अभियान के चलते 2 नशा तस्कर किए गिरफ्तार,25,57 ग्राम अवैध स्मेक बरामद इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह राणा की ही पुलिस टीम ने ट्यूबवेल चोरी के मामले में फरार चल रहे एक शातिर चोर को घेरकर किया गिरफतार थाना मण्डी प्रभारी सतपाल सिंह भाटी के कुशल निर्देशन वाली पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान पकड़ा एक शराब माफिया,22 पव्वे अवैध देशी शराब महबूबा के साथ साथ एक नाजायज चाकू भी हुआ बरामद थाना सदर बाजार प्रभारी कपिल देव के कुशल नेतृत्व वाली पुलिस टीम की भी चाकू धारी बदमाश पर बड़ी कार्रवाई,एक नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार थाना नकुड प्रभारी सुरेश कुमार के कुशल निर्देशन वाली पुलिस टीम ने बाईक चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए,चोरी की बाईकों के साथ दो वाहन चोरों को किया गिरफतार थानाध्यक्ष सुरेश कुमार की पुलिस टीम ने खनन सामग्री से ओवरलोड एक और ट्रेक्टर ट्राली को किया सीज कोतवाली नगर प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह की पुलिस टीम ने माननीय न्यायालय के आदेशों निदेशों के बाद चोरी के मामले का एक शातिर वारंटी किया गिरफतार थाना देवबंद प्रभारी रोजन्त त्यागी की पुलिस टीम ने दो शातिर चोरो को,चोरी के सामान के साथ किया गिरफतार पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र- उ्क्रॄ अभिषेक सिंह के कड़े एक्शन के चलते व एसएसपी अभिनंदन सिंह,एसपी सिटी व्योम बिंदल एवम एसपी देहात मयंक पाठक के दिशा निर्देश पर जनपद भर में अपराधियों पर पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई चल रही है।उनके इन्हीं दिशा निदेशों का कड़ाई के साथ पालन करते हुए थाना सरसावा प्रभारी प्रवेश कुमार शर्मा की पुलिस टीम ने चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए दो शातिर चोरों को चोरी के बिजली के उपकरणो के साथ किया गिरफतार।आपको बता दें,कि थाना सरसावा में पंजीकृत चोरी की घटना की रिपोर्ट दर्ज होते ही हरकत में आए थानाध्यक्ष प्रवेश कुमार शर्मा ने एक पुलिस टीम का गठन करते हुए शातिर चोरों की तलाश में लगा दी। इधर उनकी पुलिस टीम उपनिरीक्षक महेश सिंह ने अपनी पुलिस टीम के साथ त्वरित कार्रवाई करते हुए इस चोरी की घटना का मात्र 24 घंटे में सफल खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों सावेज पुत्र हकीम एवम नूर आलम पुत्र ताहिर दोनों ही निवासी ग्राम शेखपुरा कदीम थाना देहात कोतवाली को हाईवे पुल के पास से घेराबंदी करते हुए गिरफतार कर लिया।जिनके कब्जे से बिजली के बाक्स से चोरी 1 बड़ी एमसीवी,7 छोटी एमसीवी,1 विधुत मीटर एवम स्टार्टर वायर बरामद की।जबकि थाना फतेहपुर प्रभारी वीरेंद्र सिंह राणा के कुशल निर्देशन वाली पुलिस टीम उपनिरीक्षक सजल कुमार ने अपनी एक बडी पुलिस टीम के साथ चैकिंग के दौरान देहरादून रोड से 2 नशा तस्करो को उस समय पकड़ा,जब यह दोनो स्मेक तस्कर आदिल पुत्र नादिर एवम अल्ताफ पुत्र अब्बास दोनों ही निवासी ग्राम फतेहपुर भादो चैकिंग करती पुलिस टीम को देखते ही उल्टे पांव भाग खड़े हुए,लेकिन साहसिक पुलिस टीम ने इनका पीछा करते हुए कस्बा छुटमलपुर में ही घेराबंदी के दौरान गिरफ्तार कर लिया।जिनके पास मौके से 25,57 ग्राम अवैध स्मेक बरामद की गई।इसके अलावा इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह राणा की ही पुलिस टीम उपनिरीक्षक मशकूर अली ने अपने सहयोगी दल के सहयोग से एक और बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए ट्यूबवेल चोरी के मुकदमे में फरार चल रहे एक शातिर चोर कादिर पुत्र इरफान निवासी मुस्लिम कालोनी कस्बा छुटमलपुर को हलवाना रोड बाग के पास से घेराबंदी के दौरान किया गिरफतार।इसके अलावा थाना मण्डी प्रभारी सतपाल सिंह भाटी की ही पुलिस टीम उपनिरीक्षक प्रेमपाल सिंह ने अपनी एक बडी पुलिस टीम के साथ चैकिंग के दौरान मण्डी समिति के पास से एक शराब माफिया नसीम पुत्र नाजिम निवासी इन्द्रा चौक को 20 पव्वे अवैध देशी शराब महबूबा के साथ उस समय पकड़ा जब चेकिंग करती पुलिस टीम को देखते ही यह शराब तस्कर भागने लगा लेकिन साहसिक पुलिस टीम ने इसे घेरकर पकड़ लिया।जिसके कब्जे मौके से 22 पव्वे अवैध देशी शराब महबूबा के साथ साथ एक नाजायज चाकू भी बरामद किया गया।इसके अलावा थाना सदर बाजार प्रभारी कपिल देव के कुशल निर्देशन वाली पुलिस टीम उपनिरीक्षक बंटी सिंह ने अपने सहयोगी दल के सहयोग से चेकिंग के दौरान गोविंदा पार्क के पास से एक चाकू धारी बदमाश अलीशान उर्फ नानू पुत्र इकलाख उर्फ कालू निवासी ग्राम शेखपुरा कदीम थाना देहात कोतवाली को एक नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार किया।इसके अलावा थाना नकुड प्रभारी सुरेश कुमार की ही पुलिस टीम उपनिरीक्षक रविन्द्र धामा ने अपनी एक बडी पुलिस टीम के साथ चेकिंग के दौरान अध्याना रोड कब्रिस्तान के पास से दो वाहन चोरों को उस समय पकड़ा,जब यह दोनो वाहन चोर चैकिंग करती पुलिस टीम को देखते अपनी अपनी बाईकें पीछे की और मोड़कर भागने की कोशिश करने लगे,लेकिन साहसिक पुलिस टीम ने इन दोनों बाईक चोरों जमदेव उर्फ दीपक पुत्र लक्ष्मण दास एवम रोहित पुत्र जिले सिंह दोनों ही निवासी यमुनानगर हरियाणा को घेराबंदी करते हुए पकड़ लिया।

# विधायक व डीएम की उपस्थिति में लोहरौली ठकुराई में आयोजित हुई ग्राम चौपाल

## डीएम ने चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों से विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं का लिया फीड बैक

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** विधायक मेहदावल अनिल कुमार त्रिपाठी व जिलाधिकारी आलोक कुमार के उपस्थिति में बेलहर कला विकास खंड के ग्राम पंचायत लोहरौली ठकुरई में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख भूपेंद्र सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी मौजूद रहे।आयोजित चौपाल में विभागीय जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा अपने विभाग से संबंधित योजनाओं के बारे में विस्तार से ग्राम वासियों को बताया गया और उनकी समस्याओं को सुना गया।पेंशन, राशन कार्ड, बेसिक शिक्षा के कार्यक्रमों, आईसीडीएस एवं स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों, आयुष्मान कार्ड, फार्मर रजिस्ट्री, मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, महिला सुरक्षा, निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांग पेंशन आदि पर विस्तार से चर्चा किया गया।





विधायक मेहदावल अनिल कुमार त्रिपाठी द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा किया गया।उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुसार केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित समस्त जनकल्याणकारी एवं लाभार्थीपरक योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पात्रों को मिलना चाहिए।मुख्यमंत्री जी के कुशल निर्देशन में कानून व्यवस्था से लेकर विकास के समस्त कार्य समय से एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से संचालित एवं लागू हो रहा है।उन्होंने अधिकारियों से अपील की कि वे संवेदनशील होकर जनता की समस्याओं को सुने और निराकरण कराए।

जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित समस्त अधिकारियों को चौपाल में प्रस्तुत समस्याओं के ससमय निस्तारण करने हेतु निर्देश दिया गया।उन्होंने ग्राम पंचायत की समस्याओं को ग्राम पंचायत के स्तर पर ही नियुक्त कर्मचारियों में समन्वय बनाकर निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया।फिर भी यदि शिकायतों का निस्तारण नहीं हो पता है तो जिला स्तर, तहसील स्तर और ब्लॉक स्तर पर 10 बजे से 12 बजे तक की जनसुनवाई में समाधान करने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा ग्राम वासियों की समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित विभाग के अधिकारी को बुलाकर मौके पर निर्देशित किया गया। '.गांव की समस्या, गांव में समाधान' के सिद्धांत पर विभिन्न अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित योजनाओं को गांव में लागू किए जाने के संबंध में जिलाधिकारी द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बचे हुए किसानों की फार्मर रजिस्ट्री करने के लिए संबंधित अधिकारी/कर्मचारी को निर्देशित किया गया। भारत की जनगणना 2027 के क्रम में जनपद में चल रहे स्व गणना सहित जनगणना से संबंधित कार्यक्रमों के विषय में ग्राम वासियों को जानकारी दिया गया।मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सामुदायिक शौचालय, व्यक्तिगत शौचालय, आवास, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के संबंध मे ग्रामवासियों को जानकारी दी गई और उनकी समस्याओं को सुना एवं समाधान हेतु संबंधित को निर्देशित किया।इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश त्रिपाठी, उपायुक्त श्रम रोजगार प्रभात द्विवेदी, जिला उद्यान अधिकारी समुद्रगुप्त मल्ल, खंड विकास अधिकारी श्वेता वर्मा, बीएसए अमित कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार खण्ड विकास अधिकारी श्वेता वर्मा एडीओ पंचायत पंकज सिंह खण्ड शिक्षा अधिकारी अनीता त्रिपाठी क्षेत्रीय वन अधिकारी टीएन मिश्रा एडीओ एजी सुभाष चन्द्र सीडीपीओ अनुज कुमार मु 0से0 कुसलवती देवी रीमा चौधरी एडीओ आईएबी सुनीता मिश्रा चिकित्सा अधिकारी बेलहर डॉ मनीष कुमार पाण्डेय बीपीएम अन्नाद कुमार मौर्या ग्राम प्रधान मिंदल देवी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गुड्डू विश्वकर्मा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनय दूवे वित्त सलाहकार विकास दूवे व्लाक मिशन प्रबंधक रामेंद्र कुमार नदीम अख्तर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# आए दिन जाम की समस्या से जूझ रहे राहगीर



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** बीएमसीटी बस्ती-मेहदावल मार्ग पर स्थित लोहरौली बाजार चौराहे पर आये दिन जाम की समस्या से राहगीरो सहित क्षेत्रीय ग्रामीण पूरी तरह परेशान हैं लेकिन यह समस्या लाइलाज बनती जा रही है। बीएमसीटी बस्ती - मेहदावल मार्ग पर स्थित लोहरौली बाजार क्षेत्र का प्रमुख बाजार और चौराहा है इस चौराहे पर ही पशु अस्पताल, प्राथमिक विद्यालय, बैंक सहित दर्जनों स्कूल स्थित हैं जहां हजारों की संख्या में लोग प्रतिदिन आते जाते हैं। दर्जनों गांवों के लोगों का यह प्रमुख चौराहा है सड़क किनारे दुकान और दुपहिया और चार वाहनों की पार्किंग के कारण आये दिन जाम की समस्या से लोग परेशान हो रहे हैं जो कि राहगीरों सहित क्षेत्रवासियों की परेशानी का कारण बना हुआ है। ग्रामीण गुड्डु विश्वकर्मा, अहमद जमाल अंसारी, राधेश्याम, मोहम्मद तारिक, फिरोज अहमद, नजरुल हसन, महेश कुमार, नियाज अली, हाफिज मकसूद अहमद, सजन लाल, नसीम अहमद आदि ने प्रशासन से व्याप्त समस्या के समाधान की मांग किये हैं।

# सीडीओ ने गौशाला का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं पर जताई नाराजगी



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** बेलहर विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत भगौसा स्थित स्थायी गौशाला का शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में कई खामियां मिलने पर उन्होंने संबंधित जिम्मेदारों को फटकार लगाते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण में गौशाला में हरे चारे की कमी, बीमार पशुओं की खराब स्थिति, छोटे पशुओं के लिए पानी की समुचित व्यवस्था न होना तथा बीमार पशुओं को अलग न रखने जैसी समस्याएं सामने आईं। इसके अलावा पशुओं को धूप से बचाने के लिए पेड़-पौधों और छायादार व्यवस्था का भी अभाव मिला।

सीडीओ ने ग्राम पंचायत अधिकारी सौरभ चौधरी एवं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि को निर्देश देते हुए कहा कि पशुओं की देखभाल, खान-पान और रखरखाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जल्द से जल्द सभी कमियों को दूर करने के निर्देश दिए।

इस दौरान खंड विकास अधिकारी श्वेत वर्मा, एडीओ पंचायत पंकज कुमार सिंह, सीवीओ संतकबीरनगर, पशु चिकित्सक दिनकर यादव, सहित कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# थाना समाधान दिवस का आयोजन पहुंची चार शिकायत निस्तारण के निर्देश



**मोहसिन रहमानी**

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** शासन के दिशा-निर्देश पर शनिवार को थाना परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में पहुंचे सीओ श्याम सिंह, तहसीलदार सतीश कुमार एवं थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने संयुक्त रूप से लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके निस्तारण के निर्देश दिए।समाधान दिवस में गांव कनियान निवासी महिला सुरेशवती पत्नी राजवीर ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसके जेठ बलजोर ने जबरदस्ती ट्यूबवेल पर कब्जा कर रखा है और सिंचाई के लिए पानी नहीं दे रहा, जिससे उसकी फसल सूख रही है। वहीं, खेड़ा कुर्तान निवासी ताहिरा पत्नी गय्यूर ने शिकायत करते हुए बताया कि पड़ोस के लोगों ने रास्ते पर अवैध कब्जा कर अतिक्रमण कर रखा है। गांव सल्फा निवासी रूपा ने आरोप लगाया कि दबंगों ने उसके प्लॉट पर कब्जा कर रखा है और कब्जा मुक्त कराने पहुंचने पर उसके साथ मारपीट व गाली-गलौज करते हैं।इसके अलावा गांव गढ़ी मिया निवासी किसान इंद्रपाल सिंह ने शिकायत करते हुए बताया कि पड़ोसी किसानों ने जबरदस्ती उसकी फसल पर ट्रैक्टर चला दिया, जिससे उसकी फसल बर्बाद हो गई और वह भुखमरी की कगार पर पहुंच गया है।

# बाल श्रम के खिलाफ प्रशासन सख्त, होटल-ढाबों व दुकानों पर छापेमारी कर दी चेतावनी

**मोहसिन रहमानी**

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** शासन के निर्देश पर शनिवार को नगर में बाल श्रम के खिलाफ अभियान चलाया गया। चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने होटल, ढाबों, चाय की दुकानों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दी। टीम ने कहा कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों से मजदूरी कराना कानूनन अपराध है और ऐसा पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठान संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।शनिवार को उप निरीक्षक उपेंद्र कुमार अपनी टीम के साथ नगर पहुंचे। उन्होंने गंगेरू मार्ग सहित कई प्रमुख स्थानों पर स्थित होटल, ढाबों और दुकानों की जांच की।



इस दौरान टीम ने दुकानदारों और व्यापारियों को बाल श्रम निषेध कानून की जानकारी देते हुए बताया कि बच्चों से मजदूरी कराने के बजाय उन्हें शिक्षा से जोड़ना समाज की जिम्मेदारी है। अधिकारियों ने कहा कि बाल श्रम बच्चों के भविष्य को अंधकारमय बनाता है, इसलिए इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

अभियान के दौरान टीम ने कई प्रतिष्ठानों पर काम कर रहे किशोरों की आयु संबंधी जानकारी भी जुटाई और संचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि किसी प्रतिष्ठान पर नाबालिग बच्चों से जबरन काम कराए जाने की शिकायत मिली तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए जुमार्ना और अन्य दंडात्मक कदम उठाए जाएंगे।अभियान में शामिल महिला हेड कांस्टेबल डोली ने मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं और किशोरियों को सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए किसी भी प्रकार की प्रताड़ना या बाल शोषण की सूचना तत्काल पुलिस और प्रशासन को देने की अपील की। इस दौरान दुकानदारों में हड़कंप की स्थिति बनी रही।

# क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद ने रिक्रूट आरक्षियों के व्यावहारिक प्रशिक्षण हेतु थाना दुधारा पर की गयी गोष्ठी, दिए गये आवश्यक दिशा निर्देश

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** शनिवार को क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद प्रियम राजशेखर पाण्डेय ने थाना दुधारा पर नियुक्त रिक्रूट आरक्षियों के साथ गोष्ठी कर व्यावहारिक प्रशिक्षण के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए । गोष्ठी के दौरान थाने पर नवनियुक्त आरक्षियों के लिए 03 माह का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रभावी ढंग से संचालित किए जा रहे है । भोजन, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया, जिससे प्रशिक्षणरत आरक्षी अपने कर्तव्यों का निर्वहन बेहतर ढंग से कर सकें ।



उन्होंने प्रशिक्षण की प्रगति की समीक्षा की तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित की गयी साथ ही आरक्षियों को विभागीय नीतियों, आचार, कार्यप्रणाली एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी निर्देशों से भली-भांति अवगत कराया गया ।

आरक्षियों को थाना परिसर की कार्यप्रणाली, अभिलेख संधारण, ड्यूटी प्रणाली, कानून-व्यवस्था बनाए रखने की प्रक्रिया एवं आमजन से संवाद स्थापित करने, मिशन शक्ति केन्द्र की कार्यप्रणाली के तरीकों की विस्तृत जानकारी दिए गए।

साथ ही महोदय ने स्पष्ट किया कि आमजन के प्रति विनम्र व्यवहार, शिकायतों का त्वरित निस्तारण एवं निष्पक्ष व संवेदनशील पुलिसिंग विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता की समीक्षा की गयी । उन्होंने ड्यूटी के दौरान अनुशासन, समयपालन, वर्दी की गरिमा एवं वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों के अनुपालन पर विशेष जोर दिया।

इसके अतिरिक्त साइबर अपराध, महिला सुरक्षा, यातायात प्रबंधन एवं अपराध नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए । यक्ष ऐप के उपयोग एवं सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु जनजागरूकता बढ़ाने के भी निर्देश दिए ।

नवनियुक्त आरक्षियों के प्रशिक्षण के मुख्य बिंदुः- ड्यूटी के कार्य एवं कर्तव्य, टेलीफोन एवं वायरलेस संचालन, आगंतुकों, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति शिष्ट व्यवहार, गिरफ्तारी एवं तलाशी सम्बन्धी प्रपत्र तैयार करना, गिरफ्तारी, सूचना एवं जीडी में प्रविष्टि, थाने पर आने वाले घायलों/पीड़ितों अभियुक्तो की डाक्टरी कराना, न्यायालय में प्रभावी पैरवी करना, वीआईपी/ महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानो की सुरक्षा का ज्ञान, अतिक्रमण के सम्बन्ध में कार्यवाही करना, गनर पीएसओ ड्यूटी का प्रशिक्षण, एफआईआर पंजीकरण प्रक्रिया पोस्टमार्टम ड्यूटी करना, हाट बाजार/मेला/त्योहार से सम्बन्धित शान्ति ड्यूटी करना, जीडी में आमद/रवानगी करना, जीडी में अन्य प्रविष्टियां करना, थानो के अभिलेखों में प्रविष्टि अंकित किया जाना, मुल्जिम ड्यूटी ध्यान देने योग्य बातों की जानकारी, सम्मन/वारंट की तामील, ई- सम्मन का निस्तारण करना, यातायात नियंत्रण ड्यूटी का प्रशीक्षण, शस्त्रों की साफ सफाई व रखरखाव का प्रशिक्षण, आपराधिक घटनास्थल की सुरक्षा एवं प्रदर्शों को सील किये जाने सम्बन्धी प्रशिक्षण, बीट बुक तैयार करना/बीट बुक का भौगोलिक ज्ञान प्राप्त करना, बीट में क्षेत्र के लोगों से जनसम्पर्क, बीट सूचना का जी0डी0 व बीट सूचना रजिस्टर में अंकित करना, दुराचारी/सक्रीय अपराधी/मफरुर की निगरानी, आपराधिक सूचनाओं के एकत्रीकरण का ज्ञान । मूल्यांकन प्रणालीः- नवनियुक्त आरक्षियों के 03 माह के प्रशिक्षण हेतु 50 अंकों की मूल्यांकन प्रणाली निर्धारित की गई है, जिसमें 25 प्रतिशत लाना अनिवार्य है ।

# एसपी ने भारत की जनगणना 2027 के क्रम में स्वगणना के अवसर पर पूरी किया स्वगणना की प्रक्रिया




**संतकबीरनगर(वेलकम इंडिया)।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना भारत की जनगणना–2027 के अन्तर्गत आज दिनाँक 09.05.2026 को स्वगणना के अवसर पर अपना स्वगणना का कार्य पूर्ण किया गया। भारत की जनगणना 2027 के मकानों की गणना दिनांक 22.05.2026 से 20.06.26 के मध्य पूर्ण किया जाना। जिसमें दिनांक 22.05.2026 पगणक द्वारा मकान गणना कार्य प्रारंभ किए जाने के पूर्व दिनांक 07.5.2026 से 21.05.2026 तक स्वगणना कार्य किया जाना है। तक्रम में पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा स्वगणना का कार्य पूर्ण किया गया तथा समस्त जनपद वासियों से स्वगणना किए जाने हेतु संदेश प्रेषित किया गया। इसी क्रम में स्वगणना के तहत मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ रामानुज कन्नौजिया द्वारा जिला चिकित्सालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात सभी कर्मचारी चिकित्सकों का एक अभियान के तहत स्वगणना का कार्य पूर्ण कराया गया।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत कैंप का आयोजन



**मोहसिन रहमानी**

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर एवं क्षेत्र से पहुंची गर्भवती महिलाओं की निशुल्क स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक दवाइयां वितरित की गईं।चिकित्सा प्रभारी डॉ. वीरेंद्र सिंह ने बताया कि शासन के निदेर्शानुसार प्रत्येक माह की 9 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान चलाया जाता है। अभियान का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और गर्भावस्था के दौरान होने वाली जटिलताओं की समय रहते पहचान करना है।उन्होंने बताया कि शिविर में महिलाओं का ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन सहित अन्य आवश्यक जांचें की गईं। जांच के दौरान जिन महिलाओं में खून की कमी या अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पाई गईं, उन्हें चिकित्सकीय परामर्श के साथ दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं। अस्पताल परिसर में गर्भवती महिलाओं की भीड़ लगी रही।

# अलग-अलग सड़क हादसों में दो घायल, जिला अस्पताल रेफर





**मोहसिन रहमानी**

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** थाना क्षेत्र के दिल्ली-सहारनपुर रोड पर अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। शनिवार को जनपद बागपत के गांव गुराना निवासी विजय कुमार बाइक पर सवार होकर शामली में अपने भांजे के निधन पर गमी में शरीक होने गया था। जैसे ही वह वापस अपने गांव लौट रहा था तो क्षेत्र के दिल्ली-सहारनपुर रोड स्थित गांव जसाला के समीप पहुंचा।

तभी विपरीत दिशा से आ रहे ई-रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।दूसरी ओर जनपद बागपत के गांव पुट्ठी धनौरा निवासी यशवीर अपना कैंटर लेकर शामली की ओर जा रहा था। जैसे ही वह क्षेत्र के एलम बाईपास मार्ग पर पहुंचा तो उसके कैंटर के टायर में पंचर हो गया।

गाड़ी चालक सड़क किनारे वाहन खड़ा कर टायर बदल रहा था। तभी एक अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

चिकित्सकों ने दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार देने के बाद गंभीर हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। खबर लिखे जाने तक थाने पर किसी भी मामले में तहरीर नहीं दी गई थी।

# खलीलाबाद कोतवाली पुलिस ने चोरी की बाइक व 1600 रुपये के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद प्रियम राजशेखर पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद संतकबीरनगर मे अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान जनपद में चोरी जैसी घटनाओं के सफल अनावरण हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद जयप्रकाश दूबे के नेतृत्व में गठित टीम उ0नि0 रामाश्रय यादव, उ0नि0 अनिल कुमार यादव, हे0का0 करमचन्द्र चौधरी, हे0का0 अरविन्द यादव, का0 अनिल कुमार यादव, का0 कृष्णनारायण गौड़, का0 भूपेन्द्र सिंह, का0 प्रशान्त विक्रम सिंह ने अभियुक्त बब्लू उर्फ मोहम्मद साहिद पुत्र स्व0 लुकमान अंसारी निवासी भैंसहिया थाना कोतवाली खलीलाबाद को चोरी की 01 अदद मोटरसाइकिल व 01 अदद अन्य मोटरसाइकिल के बेंचने से प्राप्त 1600 रु0 के साथ शमशान घाट, औद्योगिक क्षेत्र के पास से गिरफ्तार किया गया । बरामद चोरी की मोटरसाइकिल व रुपये के सम्बन्ध में थाना कोतवाली खलीलाबाद पर मु0अ0सं0 मु0अ0सं0 360/2026 धारा 317(2) बीएनएस पंजीकृत कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय रवाना किया गया है। पूछताछ के दौरान अभियुक्त द्वारा बताया गया कि बरामद मोटरसाइकिल को 20 दिन पूर्व बरदहिया बाजार से चोरी किया था तथा 01 महिना पूर्व शिवाय होटल के सामने से 01 अन्य मोटरसाइकिल चोरी किया था जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति को 5000 रु0 में बेंच दिया था, बरामद 1600 रु0 उसी के बचे हुए पैसे है ।

## पालिका के '.पीले पंजे' का खौफ खत्म

# कार्रवाई के 24 घंटे बाद फिर फुटपाथ पर सजा बाजारः ईओ ने दी सख्त कार्रवाई की चेतावनी

**वेलकम इंडिया संवाददाता**






**शिकारपुर।** जनपद बुलंदशहर के शिकारपुर नगर में अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हैं। नगर पालिका द्वारा शुक्रवार को चलाए गए व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान का असर शनिवार सुबह होते-होते बेअसर साबित हुआ।

प्रशासन की सख्ती को ठेंगा दिखाते हुए अतिक्रमणकारियों ने शनिवार को दोबारा फुटपाथों पर कब्जा कर अपनी दुकानें सजा लीं, जिससे राहगीरों की मुश्किलें जस की तस बनी हुई हैं।

### कार्रवाई के अगले ही दिन पुराने ढर्रे पर बाजार

गौरतलब है कि शुक्रवार को अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह के नेतृत्व में नगर पालिका की टीम ने भारी पुलिस बल के साथ मुख्य बाजारों में '.पीला पंजा' (जेसीबी) चलाकर अवैध कब्जे हटाए थे।

लेकिन शनिवार सुबह जैसे ही बाजार खुला, दुकानदारों ने सरकारी आदेशों की धज्जियां उड़ाते हुए फिर से फुटपाथों पर अतिक्रमण कर लिया। ऐसा प्रतीत होता है कि अतिक्रमणकारियों के मन से नगर पालिका की कार्रवाई का खौफ पूरी तरह खत्म हो चुका है।

### ईओ का सख्त रुखः होगी वीडियोग्राफी और जुमार्ना

जब इस संबंध में ईओ नीतू सिंह से वार्ता की गई, तो उन्होंने अतिक्रमणकारियों की इस मनमानी पर कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर में बहुत जल्द दोबारा और अधिक कड़ाई के साथ अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। जो दुकानदार बार-बार मना करने के बावजूद फुटपाथ घेर रहे हैं, उनकी अब वीडियोग्राफी कराई जाएगी। चिन्हित किए गए लोगों पर भारी जुमार्ना लगाने के साथ-साथ उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर पालिका की टीम कार्रवाई करके जाती है और कुछ ही घंटों बाद स्थिति वैसी ही हो जाती है।

लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि केवल सांकेतिक कार्रवाई करने के बजाय स्थायी समाधान निकाला जाए और फुटपाथों को पूरी तरह कब्जा मुक्त कराया जाए।

## नगरपालिका ब्रांड एंबेसडर ने किया नागरिकों को जागरूक

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**स्याना/बुलंदशहर।** संजय श्रोत्रिय (ब्रांड एंबेसडर नगरपालिका परिषद स्याना स्वच्छ भारत मिशन, जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार) ने वार्ड 10 की सभासद श्रीमती पुष्पा देवी के साथ सिटिजन फीडबैक के लिए जागरूक किया। स्याना के मोहल्ला चांमड वाली गली तथा श्रीराम तिराहा क्षेत्र में नागरिकों से जनसंपर्क कर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

कहा कि नागरिक गीला कचरा तथा सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबिन में डालने की आदत बनाएं। उन्होंने नागरिकों से सफाई व्यवस्था के विषय में भी जानकारी प्राप्त की। नगरपालिका परिषद स्याना स्वच्छ भारत मिशन टीम ने नागरिकों को बताया कि गीला कचरा रसोई और बगीचे से निकलने वाला जैविक कचरा है, इस श्रेणी में सब्जी के छिलके और बचा हुआ खाना, जो सड़ता है और खाद बन सकता है।

सूखा कचरा पुनर्चक्रण योग्य सामान है, इस श्रेणी में प्लास्टिक, कागज, कांच और धातु, जो सड़ते नही हैं। इन्हें अलग-अलग डस्टबिन में रखना पर्यावरण के लिए जरूरी है। ब्रांड एंबेसडर संजय श्रोत्रिय ने जानकारी दी कि गीला कचरा हरे रंग के डस्टबिन में तथा सूखा कचरा नीले रंग के डस्टबिन में डालें। सड़ने-गलने वाले कचरा के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि सब्जियों-फलों के छिलके, बचा हुआ खाना, सड़े-गले फल, चायपत्ती, बगीचे के सूखे पत्ते और फूल इसमें आते हैं, जिनका उपयोग खाद (कंपोस्ट) बनाने के लिए किया जाता है। सूखा कचरा के विषय में बताया कि बिना सड़ने वाला, पुनर्चक्रण योग्य सामग्री में प्लास्टिक की बोतलें, पॉलिथीन, कागज, गत्ता, कांच, धातु, पुराने कपड़े, तार और इलेक्ट्रॉनिक सामान आते हैं, जिनका उपयोग रीसाइक्लिंग (पुनर्चक्रण) के लिए किया जाता है। ब्रांड एंबेसडर संजय श्रोत्रिय द्वारा बेहद सरल भाषा में नागरिकों को स्वच्छता के फायदे बताए तथा उत्तम सफाई व्यवस्था में नगरपालिका सफाईकर्मियों को सहयोग देने के लिए प्रेरित किया।

## सर्व शिक्षा अभियान के तहत कक्षा 01 में सबसे अधिक हुए नवीन नामांकन



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**बुलंदशहर।** ब्लॉक अगौता के संविलियन विद्यालय शाहनगर में सर्व शिक्षा अभियान के तहत कक्षा 01 में सबसे अधिक नवीन नामांकन।

आपको बता दे कि बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा सर्व शिक्षा अभियान के तहत विद्यालयों में शत प्रतिशत नवीन नामांकन हेतु अभियान चलाया जा रहा है। प्रधानाध्यापक कौशल किशोर ने बताया कि अगौता ब्लॉक में संविलियन विद्यालय शाहनगर में प्रधानाध्यापक और समस्त स्टाफ (ओम प्रकाश,दीपाली शर्मा,रेनू कुमारी,प्रीति,अनुभव सिंह,आसिफ इकबाल,सोनू) ने इस भीषण गर्मी में घर घर जाकर,शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया। समस्त स्टाफ के प्रयास से ब्लॉक अगौता के संविलियन विद्यालय शाहनगर में शैक्षिक सत्र 2026-27 में आज तक कक्षा 01 में सबसे ज्यादा 50 से अधिक नवीन नामांकन किये गए। और आगे भी छात्र संख्या बढ़ाने का प्रयास जारी है।

## 26 वर्षों से न्याय की आस में भटक रहे 44 श्रमिक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लगाई गुहार

**संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी(वेलकम इंडिया)।** नाटी इमली निवासी महेन्द्र कुमार सहित 44 श्रमिक साथियों ने भारतीय औद्योगिक व्यापार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रणजीत केसरी को प्रार्थना पत्र सौंपकर न्याय दिलाने की मांग की है। श्रमिकों का आरोप है कि वे सभी प्रीतम खन्ना रग्स प्राइवेट लिमिटेड, इंडस्ट्रियल स्टेट चांदपुर वाराणसी में स्थायी रूप से कार्यरत थे लेकिन उन्हें श्रम कानूनों के तहत मिलने वाली सुविधाओं से वंचित रखा गया।

श्रमिकों के अनुसार कंपनी में न तो साप्ताहिक अवकाश दिया जाता था और न ही हाजिरी कार्ड,वेतन पर्ची तथा न्यूनतम वेतन की व्यवस्था थी। इसके अलावा पीएफ और ईएसआई जैसी सुविधाओं से भी श्रमिकों को दूर रखा गया। आरोप है कि श्रमिकों से आठ घंटे के बजाय दस से बारह घंटे तक कार्य कराया जाता था।

बताया गया कि ट्रेड यूनियन द्वारा श्रम विभाग में शिकायत किए जाने पर जांच के दौरान सभी श्रमिक मौके पर कार्यरत पाए गए थे। इसके बाद कम वेतन देने के मामले में मुकदमा दर्ज हुआ जिसमें फैसला श्रमिकों के पक्ष में आया। श्रमिकों का आरोप है कि फैसले के बाद कंपनी प्रबंधन उनसे नाराज हो गया और जबरन वाउचरों पर हस्ताक्षर कराने का दबाव बनाया जाने लगा। विरोध करने पर 11 अक्टूबर 2001 से सभी श्रमिकों को काम से वंचित कर दिया गया तथा उनकी जगह नए श्रमिकों की नियुक्ति कर दी गई। पीड़ित श्रमिकों का कहना है कि पिछले 26 वर्षों से मामला लेबर कोर्ट में विचाराधीन है लेकिन अब तक कोई ठोस सुनवाई नहीं हुई। कोर्ट में केवल तारीख पर तारीख दी जा रही है। इस दौरान कई श्रमिकों की आर्थिक तंगी के चलते मृत्यु भी हो चुकी है। मृतक श्रमिकों के प्रमाण पत्र भी कोर्ट में जमा किए गए हैं लेकिन फिर भी मामले में तेजी नहीं आई। श्रमिकों ने मांग की है कि उन्हें 26 वर्षों का बकाया वेतन दिया जाए तथा पुराने श्रमिकों को न्याय दिलाया जाए। श्रमिकों ने मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप कर मामले का जल्द समाधान कराने की अपील की है।

पत्रक देते समय मुख्य रूप से महेंद्र कुमार,सुदर्शन सिंह, अमला प्रसाद, संजय कुमार,शिवजीत,कृष्णानंद सिंह,संजय सिंह,बाबूलाल सिंह,श्यामजीत,राकेश कुमार सिंह,चंदन कुमार सहित इत्यादि श्रमिक उपस्थित रहे।

## मातृ दिवस पर भावुक संदेश वाराणसी से विशेषः मिसेज एशिया विजयता सच्चदेवा

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**वाराणसी।** 'माँ' यह सिर्फ.एक शब्द नहीं, बल्कि पूरी दुनिया का सबसे खूबसूरत एहसास है। जिसकी गोद में हर दर्द सुकून बन जाता है, जिसकी दुआएँ टूटती हुई ज़िंदगी को भी संभाल लेती हैं, और जिसका प्रेम हर रिश्ते से बढ़कर होता है। आज मातृ दिवस के इस भावुक अवसर पर मैं दुनिया की हर माँ को दिल से नमन करती हूँ। एक माँ अपने बच्चों के लिए अपना हर सपना, हर खुशी और पूरा जीवन समर्पित कर देती है। वह खुद आँसुओं में रहकर भी अपने बच्चों के चेहरे पर मुस्कान देखना चाहती है। माँ का त्याग शब्दों में कभी बयां नहीं किया जा सकता। यदि इस दुनिया में भगवान का कोई सबसे सुंदर रूप है, तो वह 'माँ' है। माँ की ममता, उसकी दुआ और उसका आशीर्वाद ही इंसान की सबसे बड़ी ताकत होती है। आइए, इस मातृ दिवस पर हम सभी अपनी माँ को सिर्फ.एक दिन नहीं, बल्कि हर दिन सम्मान, प्रेम और अपनापन दें। क्योंकि माँ साथ होती है तो ज़िंदगी जन्नत जैसी लगती है, और माँ के बिना हर खुशी अधूरी सी लगती है। समस्त मातृ शक्ति को मातृ दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ एवं भावपूर्ण नमन।

## स्याना में महाराणा प्रताप जयंती पर हुए कार्यक्रम



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**स्याना/बुलंदशहर।** स्याना में बुगरासी रोड स्थित राजपूत भवन परिसर मे वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयन्ती धूमधाम के साथ मनाई गई। राजपूत संघ अध्यक्ष सतीश चौहान, महामंत्री ठाकुर ओमपाल सिंह, युवा इकाई अध्यक्ष सचिन ठाकुर, राजेश चौहान, श्यामवीर सिंह एडवोकेट, अरूण चौहान, कृष्णपाल सिंह, डॉ संतोष चौहान, महाराम सिंह चौहान, संजय चौहान, अजय चौहान, सुन्दर सिंह, भूपेंद्र सिंह, चमन सिंह, देवेंद्र सिंह आदि ने विचार व्यक्त किए। अध्यक्ष सतीश चौहान ने कहा कि महाराणा प्रताप की जयंती पर हम मेवाड़ के उस महान वीर को नमन करते हैं, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा और स्वाभिमान के लिए सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। साहस और त्याग के प्रतीक महाराणा प्रताप का जीवन, विपरीत परिस्थितियों में भी हार न मानने की सीख देता है। राजेश चौहान ने कहा कि 1576 के हल्दीघाटी युद्ध में उनकी वीरता ने यह सिद्ध कर दिया कि स्वाधीनता से बढ़कर कुछ नहीं है। चेतक के साथ उनकी जोड़ी और अदम्य साहस इतिहास के पन्नों में अमर है। सचिन ठाकुर ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन केवल युद्ध तक सीमित नहीं था, यह दृढ़ संकल्प, मातृभूमि के प्रति समर्पण और जनता के प्रति प्रेम का संदेश है। कृष्णपाल सिंह चौहान ने कहा कि महाराणा प्रताप अद्वितीय योद्धा थे, जिहोंने अकबर की विशाल सेना के सामने सिर झुकाने के बजाय कड़े संघर्ष को चुना। हिंद जन सेवा समिति कार्यालय पर हुए जयंती कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष ललित त्रिवेदी ने कहा कि महाराणा प्रताप का नाम लेते ही शरीर में ऊर्जा आ जाती है। श्रीमती इंदु त्रिवेदी ने कहा कि महाराणा प्रताप कि स्मृति मात्र से प्रत्येक भारतीय के अंतःकरण में देशभक्ति जागृत हो जाती है। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप एक बलशाली योद्धा थे, जिन्होंने वतन की खातिर अपना सब कुछ कुर्बान कर दिया। एकता रानी, अनम, शालू, बबीता, अंजू शर्मा, अलीशा, मोनिका, रेखा, सुमन, मीनू, शिवानी, यशी रस्तोगी व निशा ने भी विचार रखे।

## महाराणा प्रताप जयंती के उपलक्ष में क्षेत्र में शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस ने किया भ्रमण






**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**अहमदगढ़/बुलंदशहर।** शनिवार को महाराणा प्रताप की जयंती को लेकर अहमदगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक वीडी गंगवार ने पुलिस बल के साथ क्षेत्र के मुमरेजपुर फतेहगढ़ अकरवास कनैनी सहित विभिन्न गांवों में किया भ्रमण तथा जिन गांवों में डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाएं लगी हुई है वहां पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया तथा क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया था थाना प्रभारी निरीक्षक ने पूरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नजर बनाए रहे इस मौके पर थाना प्रभारी के साथ-साथ थाने का समस्त पुलिस बल उपस्थित रहा।

## जीएसटी और इनकम टैक्स एक्ट 2025 पर सीए सेमिनार आयोजित,विशेषज्ञों ने बताए नए नियमों के प्रभाव

**संतोष कुमार सिंह**




**वाराणसी(वेलकम इंडिया)।** दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की वाराणसी शाखा द्वारा 9 मई 2026 शनिवार को 10:30 बजे से विषय जीएसटी पर एक सेमिनार का आयोजन महमूरगंज स्थित होटल बालाजी पैलेस में किया गया।

**जिसका विषय-** इनकम टैक्स एक्ट 2025 एवं इनकम टैक्स रूल में बदलाव और प्रभाव।

जीएसटी ट्रिब्यूनल में अपील फाइल करने में समस्या एवं उनका समाधान।

कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा की वरिष्ठ सदस्य सीए रश्मि केसरवानी एवं पूर्व अध्यक्ष सीए संजय ओझा ने किया। कार्यक्रम का संचालन सीए तन्वी सिंह और सीए दिव्य भरद्वाज ने किया।

प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता सीए प्रेरणा किशोर पेशोरी ने बताया की नया इनकम टैक्स एक्ट 2025,1 अप्रैल 2026 से लागू होगा ये 1961 के 65 साल पुराने एक्ट की जगह लेगा। टैक्स रेट नहीं बदले,लेकिन भाषा और प्रोसेस बहुत आसान हो गई है अब नए एक्ट में डाटा आपने कहा रखा है और अगर आप क्लाउड यूजर है तो आपको उसका भी डिटेल देना होगा।

सैलरी के अलाउंसेस में कुछ जगहों पे करमुक्त अलाउंसेस की राशि को बढ़ाया गया है।

कार्यक्रम में द्वितीए सत्र के वक्ता सीए गौरव गुप्ता ने बताया की जीएसटीएटी गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल ये जीएसटी के तहत सेकंड लेवल अपील अथॉरिटी है।

पहले कमिश्नर अपील्स फिर जीएसटीएटी,फिर हाई कोर्ट /सुप्रीम कोर्ट में पेपर ये बताता है कि जीएसटीएटी में फाइल करते वक्त कौन- कौन सी प्रोसीजरल और प्रैक्टिकल दिक्कतें आ रही हैं उन्हें कैसे दूर किया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन शाखा सचिव सीए रंजीत कुमार पांडेय एवं कोषाध्यक्ष नमन कपूर ने किया।

इस कार्यक्रम में शाखा उपाध्यक्ष सीए विकास द्विवेदी शाखा कोषाध्यक्ष एवं सिकासा अध्यक्ष सीए नमन कपूर, कार्यकरणी सदस्य सीए श्रीप्रकाश पांडेय पूर्व अध्यक्ष सीए नीरज कुमार सिंह और अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# सिटी कॉन्वेंट स्कूल में एवरटीन सेनेटरी पैड का निःशुल्क वितरण

**समर्थ कुमार सक्सेना**







**लखनऊ(वेलकम इंडिया)।** राजाजीपुरम स्थित सिटी कॉन्वेंट स्कूल में पैन स्वास्थ्य एवं स्त्री कल्याण फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में एवरटीन सेनेटरी पैड के नमूना वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक अतुल श्रीवास्तव एवं लखनऊ टीम उपस्थित रही।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूक करना एवं उन्हें गुणवत्तापूर्ण सेनेटरी पैड उपलब्ध कराना रहा।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने और स्वच्छता के महत्व पर जानकारी दी गई। आयोजकों ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों से किशोरियों के स्वास्थ्य और आत्मविश्वास दोनों में वृद्धि होगी।

## अखिलेश यादव के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में बनेगी पीडीए सरकार

**मोहम्मद अरशद खान**



**उत्तर प्रदेश(वेलकम इंडिया)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव, जौनपुर सदर के पूर्व विधायक एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के संस्थापक मोहम्मद अरशद खान ने उत्तर प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर बड़ा बयान देते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि वर्ष 2027 में प्रदेश में पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की ऐतिहासिक सरकार बनेगी और जनता भारी बहुमत से Akhilesh Yadav के नेतृत्व को स्वीकार करेगी।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की बदहाली, नौजवानों के भविष्य के साथ हो रहे अन्याय तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं पर बढ़ते दबाव से परेशान है। प्रदेश का हर वर्ग परिवर्तन चाहता है और समाजवादी विचारधारा की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहा है।

मोहम्मद अरशद खान ने कहा कि पीडीए केवल एक राजनीतिक नारा नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समान भागीदारी और संविधान बचाने का व्यापक आंदोलन है। उन्होंने कहा कि पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक, किसान, मजदूर, नौजवान और महिलाएं अब एकजुट होकर उत्तर प्रदेश में नई राजनीतिक इबारत लिखने जा रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार ने जनता से किए गए बड़े वादों को पूरा नहीं किया। किसानों की आय दोगुनी करने, युवाओं को रोजगार देने और गरीबों को न्याय दिलाने के दावे केवल भाषणों तक सीमित रह गए हैं।

प्रदेश में कानून व्यवस्था, शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था की स्थिति लगातार चिंताजनक होती जा रही है। मोहम्मद अरशद खान ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष Akhilesh Yadav के नेतृत्व में प्रदेश में विकास, सामाजिक सौहार्द और लोकतांत्रिक मूल्यों की नई शुरूआत होगी। उन्होंने दावा किया कि 2027 का चुनाव सामाजिक न्याय बनाम अहंकार की राजनीति का चुनाव होगा, जिसमें जनता पीडीए गठबंधन को ऐतिहासिक विजय दिलाएगी।

उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि लोकतंत्र, संविधान और सामाजिक भाईचारे को मजबूत करने के लिए सभी वर्गों को एकजुट होकर समाजवादी आंदोलन को मजबूत करना होगा।

# मधुबन बापूधाम में बनेगा आधुनिक ओपेन एयर थियेटर, सांस्कृतिक गतिविधियों को मिलेगा नया आयाम

**वेलकम इंडिया संवाददाता**





**गाजियाबाद।** शहर में आधारभूत संरचना के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं सामाजिक विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा निरंतर महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 09.05.2026 को मधुबन बापूधाम योजना के इण्डस्ट्रियल पॉकेट स्थित शहीद स्मारक पार्क में आधुनिक ओपेन एयर थियेटर निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के निर्देशन में अभियंत्रण जोन-3 की टीम की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सैनिक संस्था के अध्यक्ष कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी, संस्था के सदस्यगण एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने इस पहल का स्वागत किया।

लगभग 1 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया जा रहा यह ओपेन एयर थियेटर क्षेत्र के नागरिकों के लिए सांस्कृतिक गतिविधियों का एक आधुनिक, सुव्यवस्थित और सुसज्जित मंच प्रदान करेगा।

इस मंच पर नाटक, संगीत संध्या, कवि सम्मेलन, योग शिविर, देशभक्ति कार्यक्रम, सामाजिक जागरूकता अभियानों एवं विभिन्न सांस्कृतिक आयोजनों का नियमित आयोजन संभव हो सकेगा। यह परियोजना विशेष रूप से बच्चों और युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने तथा रचनात्मक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का अवसर प्रदान करेगी। इससे न केवल स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलेगा, बल्कि क्षेत्र में सामाजिक समरसता और सामुदायिक सहभागिता को भी मजबूती प्राप्त होगी। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का उद्देश्य केवल भौतिक विकास तक सीमित न रहकर ऐसे सार्वजनिक स्थलों का निर्माण करना भी है, जो नागरिकों के सामाजिक एवं सांस्कृतिक जीवन को समृद्ध बना सकें। यह ओपेन एयर थियेटर आने वाले समय में मधुबन बापूधाम क्षेत्र की एक विशिष्ट पहचान के रूप में उभरकर स्थानीय जनता के लिए आकर्षण एवं गौरव का प्रमुख केंद्र बनेगा।

# वरिष्ठ पत्रकारों के पेंशन की मांग को लेकर सभी ने किया सामूहिक हस्ताक्षर

## अपनी मांगों को लेकर दिल्ली की मुख्यमंत्री को जल्द सौंपेंगे ज्ञापन

**वेलकम इंडिया संवाददाता**




**नई दिल्ली।** दिल्ली के मान्यता प्राप्त पत्रकारों की एक महत्वपूर्ण बैठक प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में संपन्न हुई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य दिल्ली के वरिष्ठ पत्रकारों के लिए पेंशन जैसी मासिक गुजारा भत्ता सुनिश्चित करने की मांग को पुरजोर तरीके से उठाना था।

बैठक के दौरान उपस्थित सभी पत्रकारों ने वरिष्ठ पत्रकारों के सम्मानजनक जीवन और आर्थिक सुरक्षा के लिए एक सामूहिक हस्ताक्षर अभियान चलाया। इस अभियान के तहत एक मांग पत्र (ज्ञापन) तैयार किया गया, जिस पर दिल्ली के दो सौ से ज्यादा पत्रकारों ने एक ही दिन में अपनी सहमति जताते हुए हस्ताक्षर किए। मान्यता प्राप्त पत्रकार कल्याण समिति के अध्यक्ष रविंद्र गुप्ता ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि देश के अन्य करीब डेढ़ दर्जन राज्यों की तर्ज पर दिल्ली सरकार को भी अपने वरिष्ठ पत्रकारों के लिए पेंशन और गुजारा भत्ता योजना लागू करनी चाहिए। उन्होंने इस हस्ताक्षर अभियान को एक सराहनीय कदम बताते हुए घोषणा की कि जल्द ही इस ज्ञापन को दिल्ली के मुख्यमंत्री को सौंपा जाएगा। पत्रकारों की पेंशन की मांग को लेकर ज्ञापन का प्रारूप वरिष्ठ पत्रकार अमलेश राजू और मनोहर सिंह द्वारा तैयार किया गया। इस बैठक में दिल्ली के मीडिया जगत के कई प्रमुख साथी उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से अशोक कौशिक, बाबुल वी राज, जीएन झा, अमित कुमार, अजय कुमार शर्मा, अमलेश राजू, प्रियरंजन, प्रतिभा शुक्ला, आलोक गौड़, अशोक धवन, अमिताभ श्रीवास्तव, अमलेंदूभूषण, सुशील देव एवं रजनीकांत तिवारी साहित अन्य लोग शामिल रहे।

# डॉल्फिन पब्लिक स्कूल में अभिनंदन समारोह एवं मातृ दिवस समारोह का आयोजन



**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** डॉल्फिन पब्लिक स्कूल द्वारा बी.आर. फार्म हाउस में आयोजित अभिनंदन समारोह एवं मातृ दिवस समारोह एवं कार्यक्रम में विधायक डॉ० मंजू शिवाच ने सहभागिता की। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, मातृशक्ति एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर विधायक ने विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि माताएं समाज की आधारशिला होती हैं, जिनके संस्कारों से बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव होता है। उन्होंने उपस्थित सभी माताओं को '.मदर्स डे' की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके योगदान की सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण, अभिभावक एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# गोविंदपुरी स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान वार्ड का विधायक ने किया उद्घाटन

**अनिल वशिष्ठ**



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** गोविंदपुरी स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को आयुष्मान वार्ड का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक डॉ. मंजू सिवाच द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घाटन समारोह के दौरान विधायक डॉ. मंजू सिवाच ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने और आम लोगों तक बेहतर इलाज की सुविधाएं पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान वार्ड शुरू होने से क्षेत्र के जरूरतमंद मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिलेगा और स्वास्थ्य केंद्र पर उपचार व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। कार्यक्रम में मौजूद चिकित्सकों और सामाजिक लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि स्वास्थ्य केंद्र में नई सुविधाएं मिलने से आसपास के लोगों को काफी राहत मिलेगी। इस अवसर पर डॉ. दिनेश चिकित्सा अधिकारी कुमार, डॉ. करण कुमार, डॉ. राकेश कुमार गुप्ता डॉ अमित कुमार डॉ विक्रम, भाजपा शहर अध्यक्ष आकाश शर्मा, डॉ. सुरेंद्र, संजय भदोला तथा डॉ. करणवीर खंजरपुर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य केंद्र परिसर में उत्साह का माहौल दिखाई दिया। कार्यक्रम के अंत में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा आयुष्मान वार्ड के माध्यम से मरीजों को बेहतर सुविधाएं देने का भरोसा दिलाया।

# छाया पब्लिक स्कूल में मदर्स डे, संध्या ठाकुर बनी सुपर मॉम




**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** छाया पब्लिक स्कूल में आयोजित मातृ दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी माताओं बढ़ चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का लोहा बनवाया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अखिलेश द्विवेदी द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। भव्य कार्यक्रम में जोरदार प्रदर्शन करते हुए संध्या ठाकुर ने विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया । इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ अरुण त्यागी ने कहा की मां की दुआ और बाप का साथ जिस बच्चे के साथ है वह जिंदगी में कभी हार नहीं मान सकता इसलिए हमें अपने माता-पिता का सम्मान करना चाहिए और उनके बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए।इस अवसर पर विद्यालय की छात्र-छात्राएं व अध्यापक अध्यापिकाएं मौजूद रहे।

# ट्रिनिटी स्कूल में मातृ दिवस बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया

**अनिल वशिष्ठ**



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** ट्रिनिटी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, अबूपुर, मुरादनगर में मातृ दिवस बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया गया । विद्यालय के अध्यक्ष डॉक्टर संदीप रोहिला व प्रबंधिका श्रीमती रितु गोयल के संरक्षण में तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य रूपल रस्तोगी एवं उप प्रधानाचार्य शिखा गोयल के कुशल नेतृत्व में यह कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा। कार्यक्रम का प्रारंभ मातृ शक्ति के आगमन पर उनका तिलक लगाकर और कलाई बंद पहना कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के सभागार में मां सरस्वती वंदना एवं माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया ।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि गिन्नी देवी डिग्री कॉलेज की पूर्व प्रधानाचार्य श्रीमती रीता बख्शी रही। कार्यक्रम में माताओं के लिए नॉन फायर कुकिंग कंपटीशन और डांस कंपटीशन रखा गया।जिसमें कई माताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया व प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान के उपहार प्राप्त किये।विद्यार्थियों ने भी कार्यक्रम में चार चांद लगाए अपने भाषण और कविताओं से सभी को भाव विभोर किया। मुख्य अतिथि श्रीमती रीता बख्शी की कविता तो दिल को छू गई। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य द्वारा सभी माताओं को मातृदिवस की शुभकामनाएं दी गई तथा सभी को आभार व्यक्त किया गया । कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शिक्षकों का भी पूर्ण योगदान रहा।

# एनसीईआरटी के अलावा दूसरे प्रकाशन की पुस्तक अनिवार्य करने पर स्कूल संचालकों के खिलाफ की जाएगी कार्रवाई-शिक्षा अधिकारी

**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** खंड शिक्षा अधिकारी महिमा की तरफ से सभी स्कूलों को नोटिस भेजे गए हैं, जिसमें कहा गया है कि एनसीईआरटी के अलावा दूसरे प्रकाशन की पुस्तक अनिवार्य करने पर स्कूल संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य सुनील शर्मा का कहना है कि यदि किसी स्कूल ने आदेशों के अनदेखी की, तो उस स्कूल के बाहर धरना दिया जाएगा। खंड शिक्षा अधिकारी महिमा की तरफ से तहसील क्षेत्र के स्कूलों को भेजे गए नोटिस में कहा गया है कि कांग्रेस नेताओं की शिकायत पर सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त विद्यालयों में निरीक्षण किया गया, तो शिकायत सत्य पाई गई है। इसके बाद अब एसडीएम के आदेशानुसार स्कूलों को नोटिस भेजा गया है। नोटिस के माध्यम से स्कूल संचालकों को चेतावनी दी गई है कि स्कूल या निश्चित दुकान से पुस्तक, यूनिफार्म खरीदने के लिए अभिभावकों को बाध्य नहीं किया जाएं। एनसीईआरटी की पुस्तकों के अलावा निजी प्रकाशन की पुस्तकों की खरीद के लिए अभिभावकों को मजबूर करने पर स्कूल संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। नोटिस की इस कार्रवाई के बाद स्कूल संचालकों में हड़कंप मचा है। वहीं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य सुनील शर्मा का कहना है कि यदि किसी स्कूल ने आदेशों के अनदेखी की, तो उस स्कूल के बाहर धरना दिया जाएगा।

# महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम के साथ मनाई, आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

**अनिल वशिष्ठ**




**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर महाराणा प्रताप को नमन करते हुए उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बताएं आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर महाराणा प्रताप भवन, बैंक कॉलोनी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा विधायक डॉ मंजू शिवाच, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष समय सिंह सिसोदिया, पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली पूर्व पालिका अध्यक्ष राम आसरे शर्मा, आशीष चौधरी, जितेंद्र चित्तौड़ा, देवेंद्र सिसोदिया वीरपाल राघव, यशपाल सिसोदिया, अलंकार चौहान महिपाल राणा भव्य सिसोदिया अजय चौहान, मोहन पुंडीर, जितेंद्र छोकर, मयंक शर्मा,मनीष अग्रवाल संजय पिंडी शर्मा, सुरमेश प्रधान, संजय सिंह चौधरी,संदीप भारद्वाज क्षत्रिय समाज के अलावा सैकड़ो लोगों ने उपस्थित होकर शिरोमणि महाराणा प्रताप को नमन किया और महाराणा प्रताप के त्याग, संघर्ष और राष्ट्रभक्ति पर प्रकाश डाला।

# साहिबाबाद में भोजन वितरण कार्यक्रम बना विवाद का कारण, पिंकी चौधरी का बयान वायरल



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के साहिबाबाद क्षेत्र में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान हिंदू रक्षा दल के अध्यक्ष पिंकी चौधरी का कथित विवादित वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में वह भोजन वितरण करते दिखाई दे रहे हैं।

वीडियो में पिंकी चौधरी कथित तौर पर कहते सुनाई दे रहे हैं– 'मुल्ला न आएं, सुनो भाईङ्घ मुल्ला ना आए, किसी को अच्छा लगे या न लगे।'

वीडियो को लेकर यह दावा भी किया जा रहा है कि एक युवक के हाथ से खाने की प्लेट छीनी गई।

वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों की तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। कुछ लोगों ने इसे सामाजिक सौहार्द के खिलाफ बताया, जबकि समर्थकों ने इसे उनकी निजी राय कहा है। हालांकि वीडियो की सत्यता और पूरे घटनाक्रम की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है।

पुलिस और प्रशासन की ओर से भी मामले में कोई औपचारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

# पटेल नगर में एसी सर्विस सेंटर बना आग का गोला: सिलेंडर ब्लास्ट से दहला इलाका, बुजुर्ग की दर्दनाक मौत





**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** पटेल नगर स्थित एक एसी सर्विस सेंटर में शुक्रवार तड़के भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी भयावह थी कि एसी गैस सिलेंडरों और कंप्रेसरों में लगातार धमाके होते रहे, जिससे आसपास का पूरा क्षेत्र दहल उठा। हादसे में एक 80 वर्षीय बुजुर्ग की दर्दनाक मौत हो गई। अखबार के अनुसार, कमिश्नरेट गाजियाबाद को दिनांक 09 मई 2026 को सुबह करीब 03:05 बजे प्लॉट नंबर एफ-87, पटेल नगर स्थित एयर कंडीशनर सर्विस सेंटर में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन कोतवाली से अग्निशमन अधिकारी सहित कई फायर टेंडर और बाउजर मौके के लिए रवाना किए गए। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि तीन मंजिला भवन पूरी तरह आग की चपेट में था। भवन के अंदर रखे एसी गैस सिलेंडरों और कंप्रेसरों में तेज धमाके हो रहे थे। घनी आबादी वाले इलाके में स्थित इमारत से उठ रहे काले धुएं और आग की लपटों के कारण आसपास के मकानों तक आग फैलने का खतरा पैदा हो गया था। मुख्य अग्निशमन अधिकारी के नेतृत्व में फायर यूनिट ने चार हौज पाइपों के जरिए पंपिंग शुरू कर आग बुझाने का अभियान चलाया। आग की भयावहता को देखते हुए वैशाली, साहिबाबाद और मोदीनगर फायर स्टेशन से भी अतिरिक्त गाड़ियों को बुलाया गया। धुएं की अधिकता के चलते दमकल कर्मियों को बीए सेट पहनकर अंदर जाकर फायर फाइटिंग करनी पड़ी। आग में भवन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इसके अलावा भवन के अंदर खड़ी दो कारें और करीब 10 मोटरसाइकिलें भी जलकर खाक हो गईं। दमकल विभाग की कुल आठ गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया और आसपास के घरों को सुरक्षित बचा लिया। सर्च ऑपरेशन के दौरान भूतल पर एक बुजुर्ग व्यक्ति मृत अवस्था में मिले, जिनकी पहचान त्रिलोकी नाथ (उम्र लगभग 80 वर्ष) के रूप में हुई। बताया गया है कि सर्विस सेंटर के मालिक का नाम ओंकार तोमर है।

# श्री हंस इंटर कॉलेज में वृक्षारोपण विषय पर एक प्रभात फेरी का किया आयोजन




**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** जिला विद्यालय निरीक्षक गाजियाबाद के आदेश अनुसार वृक्षारोपण विषय पर एक प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी के साथ-साथ विद्यालय में उचित स्थान पर गड्ढा खोदकर वृक्षारोपण की तैयारी की गई। प्रभात फेरी में विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली एनसीसी ऑफिसर डॉक्टर अमित कुमार के निर्देशन में आगे बढ़ी रैली में विद्यालय के छात्राओं ने वृक्ष लगाओ, देश बचाओ। धरती करे यही पुकार, हरा भरा कर दो संसार। जीवन को बचाना है, हर दिन वृक्ष लगाना है। गांव-गांव गली गली, वृक्षारोपण की लहर चली। आदि नारे लगाकर समाज के लोगों को जागरूक किया। रैली प्रधानाचार्य विनोद कुमार के निर्देशन में श्री हंस इंटर कॉलेज मुरादनगर से चलकर रावली रोड मैंन बाजार होते हुए गंग नहर पर समाप्त हुई। रैली में विद्यालय के लगभग 400 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। रैली में प्रधानाचार्य विनोद कुमार, एनसीसी ऑफिस डॉक्टर अमित कुमार, रविंद्र कुमार, अखिलेश कुमार, संजीव कुमार, श्रीमती रीना, सुनील कुमार शर्मा, सुनील चौधरी आदि लोग उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में न्याय का महाकुंभ

## 5 लाख से अधिक मामलों का निस्तारण, करोड़ों की वसूली के आदेश





**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जिला न्यायालय परिसर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में शनिवार को रिकॉर्ड स्तर पर मामलों का निस्तारण किया गया। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद के तत्वावधान में आयोजित इस लोक अदालत की अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष विनोद सिंह रावत ने की।

राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 5 लाख 41 हजार 874 मामलों का निस्तारण किया गया। इनमें सुलह योग्य 1 लाख 11 हजार 822 मामलों को आपसी समझौते के आधार पर समाप्त कराया गया। अर्थदंड से दंडनीय मामलों में 2 करोड़ 35 लाख 41 हजार 425 रुपये का अर्थदंड आरोपित कर वसूला गया। परिवार न्यायालय में वैवाहिक एवं भरण-पोषण से जुड़े 141 मामलों का समाधान सुलह-समझौते के जरिए किया गया। इसके अलावा मोटर वाहन अधिनियम, पुलिस अधिनियम, लेबर एक्ट, वाणिज्य अधिनियम, आबकारी अधिनियम समेत विभिन्न लघु प्रकृति के मामलों का भी निस्तारण किया गया।

मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण से संबंधित 57 मामलों में पक्षकारों को 91 लाख 25 हजार रुपये दिए जाने के आदेश पारित हुए। वहीं विभिन्न बैंकों एवं बीएसएनएल से जुड़े 3,169 लोन रिकवरी मामलों में 3 करोड़ 42 लाख 60 हजार 826 रुपये की वसूली के आदेश जारी किए गए। राजस्व न्यायालयों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 3 लाख 46 हजार 577 राजस्व मामलों का भी निस्तारण किया गया। लोक अदालत के सफल आयोजन में अधिवक्ताओं, मीडियाकर्मियों और विधि छात्रों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई।

# BDM कप क्रिकेट टूर्नामेंट में फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने फाइनल में बनाई जगह

## शानदार प्रदर्शन से विरोधी टीमों को किया परास्त

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** BDM कप क्रिकेट टूर्नामेंट में फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। टीम ने खेले गए 3 मुकाबलों में से 2 में शानदार जीत दर्ज कर टूर्नामेंट में अपनी मजबूत दावेदारी पेश की। फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने पहले मुकाबले में राजनगर एक्सटेंशन की टीम को हराकर आत्मविश्वास की शुरूआत की, वहीं दूसरे मुकाबले में आर.डी. शर्मा दिल्ली की टीम को पराजित कर अपनी जीत की लय को बरकरार रखा। टीम के खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में अनुशासित और



आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया।

टीम की ओर से बल्लेबाजी में देव कुमार, दिव्यांश शर्मा और विराज तोमर ने सर्वाधिक रन बनाकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। इन खिलाड़ियों की शानदार पारियों ने टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाने में मदद की। वहीं गेंदबाजी विभाग में शौर्य मलिक ने अपनी धारदार गेंदबाजी से विपक्षी बल्लेबाजों को खूब परेशान किया और सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज के रूप में उभरकर सामने आए। उनकी विकेट लेने की क्षमता ने टीम को निर्णायक बढ़त दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

टीम प्रबंधन और समर्थकों ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए फाइनल मुकाबले के लिए शुभकामनाएं दी हैं। फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब अब खिताब जीतने के इरादे से मैदान में उतरेगा।

# दिल्ली के उत्तम नगर में एक बार फिर तरुण हत्याकांड जैसी मॉम ब्लींचिंग करने की कोशिश नाकाम

## दिल्ली के ही उत्तम नगर में रहने वाले सुहान नामक लड़के को जो 12वीं कक्षा का छात्र भी है उसे दोबारा मारने की कोशिश की गई

**अरूण मिश्रा**



**दिल्ली (वेलकम इंडिया)।** दरअसल मामला दिल्ली के उत्तम नगर का बताया जा रहा है उत्तम नगर में रहने वाले सुहान नाम के लड़के का कुछ दिनों पहले आसिफ नाम के लड़के से मस्जिद में नवाज पड़ने को लेकर झगड़ा हुआ था। आसिफ द्वारा सुहान को जान से मारने की कोशिश की गई। आसिफ द्वारा सुहान के पेट पर चाकु से बार किया गया जिसके कारण उसको गंभीर चोट आई उसके पेट पर लगभग 18 टांके लगे हैं।

उसे कई लड़कों द्वारा बड़ी बेरहमी से पीटा गया। जिससे उसके शरीर के अन्य भागों पर भी गंभीर चोटें आई, जब इस बात की सूचना पुलिस को दी गई तो पुलिस द्वारा टालमटोल कर हल्की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर शांति भंग में आसिफ को थाने से ही छोड़ दिया गया। विगत कुछ दिनों बाद 1 मई 2026 को आसिफ ने सुहान को जो की उत्तम नगर में 40 फुटा रोड से अपने घर को आ रहा था तभी आसिफ ने उसे आता देख अपने कुछ साथियों द्वारा उसे पर जानलेवा हमला कर दिया।

जब आसिफ के दोस्त सुहान को मारने लगे तब सुहान अपनी जान बचाने की कोशिश की वहां से भागने लगा तब आसिफ के दोस्तों ने सुहान को पकड़ कर एक हथौड़ी द्वारा सुहान के सर पर वार करने की कोशिश की, आत्मरक्षा में सुहान द्वारा अपने ऊपर हथौड़ी का वार होते हुए देख मैं घबरा गया उसने अपनी जान बचाने के लिए जो लड़का उसे पर हथौड़ी का वार कर रहा था उसी को बहुत तेज धक्का दिया वह लड़का आसिफ के ऊपर जाकर गिरा। जो हथौड़ी सुहान के लगती थी वह आसिफ के माथे पर जाकर लगी। अगर सुहान ऐसा ना करता तो अपनी जान से हाथ धो बैठता अब आसिफ द्वारा सुहान पर यह इल्जाम लगाया गया है कि सुहान ने ही आसिफ को हथौड़ी से वार किया जबकि प्रत्यक्ष दर्शियों का कहना है कि आसिफ द्वारा ही सुहान पर जानलेवा हमला किया गया मगर पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से ना लेते हुए एक तरफा कार्रवाई की और सुहान को जो की एक स्टूडेंट भी है 12वीं क्लास का छात्र भी है।

उसको तत्काल अभियोजन पंजीकृत कर उसे जेल भेजने का काम पुलिस ने किया FIR में सुहान के पिता जमीर अहमद और उसके चाचा और उसके 12 वर्षीय भाई का भी नाम सम्मिलित है।

आसिफ द्वारा सुहान के खिलाफ एक मुकदमा दर्ज कराया गया जिसमें आसिफ का कहना है कि सुहान ने हथौड़ी से उसके सर पर जानलेवा वार किया जबकि सुहान के परिवार वालों का कहना है कि यह घटना बिल्कुल गलत है प्रत्यक्ष दर्शियों का कहना है कि आसिफ द्वारा सुहान को जान से मारने की कोशिश की गई। सुहान के घर बालों का कहना हैं कि पुलिस एक तरफा कार्रवाई कर रही है उनका उत्तम नगर पुलिस, उत्तम नगर के एसीपी और डीसीपी और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जी से मांग है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच की जाए व उनके लड़के को न्याय दिलाने में उनकी मदद की जाए।

# 'दो गज पीछे' अभियान से गाजियाबाद में अतिक्रमण पर कसा शिकंजा

## शहर को सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने की बड़ी पहल

**वेलकम इंडिया संवाददाता**









**गाजियाबाद।** पुलिस आयुक्त के निर्देशन में कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस द्वारा शहर को अतिक्रमण मुक्त, सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से एक सप्ताह का विशेष अभियान 'दो गज पीछे' चलाया गया। यह अभियान दिनांक 02.05.2026 से 08.05.2026 तक प्रभावी रूप से संचालित किया गया।

### अभियान का उद्देश्य

इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य शहर में बढ़ते अतिक्रमण पर प्रभावी रोक लगाना, यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाना तथा आमजन को सुरक्षित एवं बाधारहित आवागमन उपलब्ध कराना रहा।

### यातायात पुलिस की सक्रिय भूमिका

यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा भी विभिन्न स्थानों पर सघन अभियान चलाया गया, जिससे यातायात बाधाओं को हटाकर सुचारु आवागमन सुनिश्चित किया जा सके।

### अभियान के दौरान प्रमुख कार्रवाई

अभियान के अंतर्गत थाना पुलिस टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों के बाजारों, मुख्य मार्गों एवं गलियों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान दुकानदारों एवं अतिक्रमण करने वाले व्यक्तियों को स्पष्ट रूप से समझाया गया कि सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण करने से यातायात बाधित होता है तथा आम नागरिकों को गंभीर असुविधा का सामना करना पड़ता है। पुलिस द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी दुकानें निर्धारित सीमा के भीतर ही संचालित की जाएं। फुटपाथ एवं सड़क पर किसी भी प्रकार का सामान न रखा जाए। सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण से पूर्णतः परहेज किया जाए। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### जोनवार अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही का विवरण

नगर जोनः 91 स्थान
ट्रांस हिंडन जोनः 94 स्थान
ग्रामीण जोनः 91 स्थान
कुल योगः 276 स्थान

### अभियान का संदेश

पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने एवं शहर को व्यवस्थित रखने में पूर्ण सहयोग करें। अतिक्रमण से बचें तथा अपने व्यवसाय एवं गतिविधियों को निर्धारित सीमा के भीतर ही संचालित करें।

गाजियाबाद पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शहर को अतिक्रमण मुक्त एवं सुरक्षित बनाने के लिए भविष्य में भी इस प्रकार के अभियान निरंतर जारी रहेंगे, ताकि नागरिकों को बेहतर, सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

# 'जनता का रास्ता बंद नहीं होने देंगे' 30 साल पुराने मार्ग पर कब्जे की कोशिश से फूटा गुस्सा



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र स्थित सैन विहार में 20-30 वर्ष पुराने सार्वजनिक रास्ते को बंद करने की कथित कोशिश को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश फैल गया है। साईं विहार गली नंबर-12 से क्रॉसिंग की ओर जाने वाले इस मार्ग पर भू-माफियाओं और बिल्डरों द्वारा कब्जे की कोशिश किए जाने का आरोप लगाया गया है।

मामले को लेकर क्षेत्र के दर्जनों निवासी, महिलाओं सहित, विधायक संजीव शर्मा से मिले और उन्हें ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की। लोगों का कहना है कि यह मार्ग वर्षों से आम जनता के उपयोग में है और हजारों लोगों की रोजमर्रा की आवाजाही इसी रास्ते से होती है। स्थानीय निवासियों के अनुसार बच्चे स्कूल, महिलाएं बाजार और बुजुर्ग दैनिक कार्यों के लिए इसी मार्ग का इस्तेमाल करते हैं। रास्ता बंद होने पर पूरे इलाके की आवाजाही प्रभावित होगी और लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

ज्ञापन सौंपने वालों में हिंदू रक्षा दल के अध्यक्ष राजकुमार, सुमित प्रजापति, रविंद्र, राहुल, शिवम, शिवेश समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी और मातृशक्ति मौजूद रही। लोगों ने प्रशासन से सार्वजनिक मार्ग को सुरक्षित रखने और कब्जा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। विधायक संजीव शर्मा ने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जनता के उपयोग का रास्ता किसी भी हाल में बंद नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से बात कर उचित कार्रवाई कराने का भरोसा दिया।

क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि रास्ता बंद करने की कोशिश नहीं रोकी गई तो बड़ा जनआंदोलन किया जाएगा।

# प्रॉपर्टी के लालच में पिता बना हैवानः भाइयों को फंसाने के लिए इकलौते बेटे की ले ली जान

**कपिल चौहान**

**नोएडा (वेलकम इंडिया)।** ग्रेटर नोएडा के कासना थाना क्षेत्र के सिरसा गांव से रिश्तों को शर्मसार कर देने वाला सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक पिता पर अपने ही 13 वर्षीय इकलौते बेटे की हत्या कर शव तालाब में फेंकने का आरोप लगा है। बताया जा रहा है कि आरोपी ने प्रॉपर्टी विवाद में अपने भाइयों को फंसाने के लिए पूरी साजिश रची थी। जानकारी के अनुसार सिरसा गांव निवासी 13 वर्षीय सुधांशु 7 मई को अचानक लापता हो गया था। परिजनों द्वारा काफी तलाश के बाद पुलिस को सूचना दी गई। शुरूआत में बच्चे के पिता प्रदीप ने अपहरण और पारिवारिक रंजिश का आरोप लगाते हुए अपने भाइयों पर शक जताया था।




मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को पिता की कहानी पर संदेह हुआ। इसके बाद पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और आसपास के बच्चों व ग्रामीणों से पूछताछ की। जांच में कई ऐसे तथ्य सामने आए, जिनसे पिता की भूमिका संदिग्ध होती चली गई। पुलिस के मुताबिक आरोपी लगातार अपने बयान बदलकर जांच को भटकाने की कोशिश कर रहा था। पूछताछ में खुलासा हुआ कि प्रदीप ने पहले बेटे सुधांशु की गला दबाकर हत्या की और बाद में शव गांव के तालाब में फेंक दिया, ताकि हत्या का आरोप अपने भाइयों पर लगाया जा सके।

बताया जा रहा है कि जब आरोपी को लगा कि उसकी साजिश का पदार्फाश हो चुका है, तो उसने ब्लेड से खुद का गला काटकर आत्महत्या का प्रयास किया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे पकड़ लिया और उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी और आक्रोश का माहौल है।

# मुरादनगर में पुलिस मुठभेड़: शातिर छिनैती गैंग का पर्दाफाश, एक बदमाश घायल, दूसरा साथी दबोचा गया

## 10 चोरी के मोबाइल, तमंचा व चोरी की बाइक बरामद–एनसीआर में सक्रिय गिरोह पर बड़ी कार्रवाई







**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत थाना मुरादनगर पुलिस टीम द्वारा गंगनहर पटरी क्षेत्र में की गई सघन चेकिंग के दौरान शुक्रवार को पुलिस मुठभेड़ में छिनैती की घटनाओं में संलिप्त एक शातिर गिरोह का पदार्फाश किया गया। मुठभेड़ में एक बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसका साथी मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, डम्पिंग ग्राउंड रेलवे पुल के पास संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के दौरान दो व्यक्ति मोटरसाइकिल पर आते दिखाई दिए। रुकने का इशारा करने पर उन्होंने भागने का प्रयास किया, लेकिन बाइक फिसलकर गिर गई। इसी दौरान पीछे बैठे बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने फायर किया, जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लग गई। घायल बदमाश की पहचान राहुल उर्फ रितिक और उसके साथी की पहचान विनय के रूप में हुई है। मौके से एक अवैध तमंचा .315 बोर, कारतूस, एक अवैध चाकू, 10 चोरी के मोबाइल फोन तथा एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में लगातार मोबाइल चोरी, बाइक चोरी और छिनैती की घटनाओं को अंजाम देते थे तथा चोरी का सामान बेचकर अवैध कमाई करते थे। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, राहुल पर विभिन्न जिलों में 16 से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, जबकि विनय के खिलाफ भी कई मामले दर्ज पाए गए हैं। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है तथा गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।